


TITLE CODE :-DELHIN29015

# राजनीतिक दांव

जीत सत्य की...

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से प्रकाशित

पेज-8 पंजाब पर जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचने का प्रयास करेगा आरसीबी | वर्ष-01 | अंक-18 | नई दिल्ली, शुक्रवार 13 मई, 2022 | पृष्ठ-08 | ₹-2 रु0


## आईएसआई की 'जासूसी' करते वायुसेना का जवान गिरफ्तार

- भारत में राडार के तैनाती के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया
- कानपुर निवासी इस जवान की पत्नी के बैंक खाते में कुछ संदिग्ध लेन-देन भी मिले



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को संवेदनशील जानकारियां भेजकर जासूसी करने की आशंका में भारतीय वायुसेना के एक जवान को गिरफ्तार किया गया है। फेसबुक के जरिये हनी ट्रैप में फंसे इस वायु सैनिक से उच्च अधिकारियों और राडार के तैनाती स्थानों के बारे में जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया है। कानपुर के निवासी इस जवान की पत्नी के बैंक खाते में कुछ संदिग्ध लेन-देन भी मिले हैं। वायु सेना की ओर से इस बारे में अभी तक कोई अधिकृत जानकारी नहीं मिली है। दिल्ली पुलिस को 6 मई को खुफिया एजेंसी का इनपुट मिला था कि भारतीय वायुसेना का जवान देवेंद्र शर्मा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा है। उसे फेसबुक पर महिला प्रोफाइल वाले एकाउंट से हनी ट्रैप में फंसाया गया और इसके बाद भारत के बारे में संवेदनशील जानकारी जुटाने की कोशिश की गई। दिल्ली पुलिस ने इस खुफिया इनपुट के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू की और कानपुर निवासी देवेंद्र शर्मा पर निगरानी रखी।

इस बीच दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच को इस पूरे मामले में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ होने के संकेत मिले हैं। आशंका है कि देवेंद्र शर्मा को हनी ट्रैप के जाल में फंसा कर उससे भारतीय वायुसेना से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने का प्रयास किया गया। इसके बाद महिला ने देवेन्द्र शर्मा से भारतीय वायु सेना के राडार की स्थिति और वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की पोस्टिंग और विवरण जैसी संवेदनशील जानकारी निकालना शुरू कर दिया। जांच-पड़ताल के दौरान पुलिस को जवान की पत्नी के बैंक खाते में कुछ संदिग्ध लेनदेन भी मिले हैं।

क्राइम ब्रांच ने आज सुबह वायु सेना के देवेंद्र शर्मा को धौला कुआं से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने माना है कि फेसबुक पर उसकी एक अनजान महिला प्रोफाइल से दोस्ती हो गई थी, जिसके बाद उसे फोन सेक्स के जरिए जाल में फंसाया गया और फिर उनसे संवेदनशील जानकारियां जुटाने को कहा गया। यह महिला भारतीय मोबाइल कंपनी के नंबर से देवेंद्र शर्मा से बात करती थी। फिलहाल पुलिस महिला का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस पूरे काम में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ होने का अंदेशा है।

## युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें मार्कोस कमांडो : एडमिरल हरि कुमार

**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने देश के दूरदराज के हिस्सों में तैनात नौसेना के मार्कोस कमांडो का मनोबल बढ़ाने तथा उनमें आत्मविश्वास जगाने के लिए उनके साथ समुद्री सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की है। नौसेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एडमिरल आर हरि कुमार ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में देश के समुद्री हितों की सुरक्षा के लिए तैनात नौसेना के कमांडो मार्कोस के साथ संवाद की पहल करते हुए उनके साथ विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की है। नौसेना प्रमुख ने बातचीत के दौरान देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर मार्कोस कमांडो की मौजूदगी तथा मुस्तैदी की सराहना की। उन्होंने कमांडो से हर समय युद्ध के लिए पूरी तरह से तैयार रहने की जरूरत पर बल दिया। एडमिरल हरि कुमार की इस पहल को मार्कोस कमांडो में आत्मविश्वास पैदा करने और उनका मनोबल बढ़ाने के रूप में देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नौसेना के मार्कोस कमांडो देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए दूरदराज के क्षेत्रों में 24 घंटे तैनात रहते हैं।

## 15 राज्यों की 57 राज्य सभा सीटों के लिए मतदान 10 जून को: आयोग




**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, राजस्थान और आंध्र प्रदेश समेत 15 राज्यों की इस साल जून से अगस्त के बीच रिक्त हो रही 57 राज्य सभा की सीटों के लिए मतदान 10 जून को कराने की घोषणा की है।

निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन सीटों के लिए अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 31 मई तक भरे जा सकेंगे। नामाकंन पत्रों की जांच पहली जून को की जाएगी और नाम तीन जून तक वापस लिए जा सकेंगे। इन सीटों के लिए मतदान 10 जून को सुबह 09:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक कराया जाएगा और मतों की गिनती उसी दिन शाम पांच बजे से शुरू होगी।

आयोग ने कहा है कि मतदान की प्रक्रिया 13 जून तक संपन्न करा ली जाएगी।

आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार राज्य सभा की इन सीटों के चुनावों में आंध्र प्रदेश की चार, तेलंगाना की दो, छत्तीसगढ़ की दो, मध्य प्रदेश की तीन, तमिलनाडु की छह, कर्नाटक की चार, ओडिशा की तीन, महाराष्ट्र की छह, पंजाब की दो, राजस्थान की चार, उत्तर प्रदेश की 11, उत्तराखंड की एक, बिहार की पांच, झारखंड और हरियाणा की दो-दो सीटों पर मतदान कराया जाएगा। आयोग ने आज ही कर्नाटक विधान परिषद् की स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की दो सीटों और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की दो सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा की। यह चारों सीटें चार जुलाई को रिक्त हो रही हैं।

आयोग इन चार सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना 19 मई को जारी करेगा और इसके लिए नामांकन 26 मई तक जमा किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 27 मई तक की जाएगी तथा नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 मई है।

विज्ञप्ति के अनुसार इन सीटों पर 13 जून को सुबह 08:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक मतदान कराया जाएगा और 15 जून को मतगणना होगी। चुनाव आयोग ने बताया कि इन सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया 17 मई तक पूरी कर ली जाएगी।

## चित्रा रामकृष्णा और आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में गिरफ्तार चित्रा रामकृष्णा और सह-आरोपित आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज संजीव अग्रवाल ने जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया।

28 अप्रैल को कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सीबीआई ने 21 अप्रैल को चित्रा रामकृष्णा और आनंद सुब्रमण्यम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में सीबीआई ने कहा है कि चित्रा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए महत्वपूर्ण फैसले किए। स्टॉक एक्सचेंज नियामक संस्था सेबी ने 11 फरवरी को चित्रा रामकृष्णा और दूसरे आरोपितों के साथ आनंद सुब्रमण्यम की नियुक्ति में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया। चित्रा ने सेबी से पूछताछ में कहा था कि एक रहस्यमयी योगी ई-मेल के जरिये उन्हें फैसले लेने में मदद करते थे। सेबी के आरोपों के बाद सीबीआई ने चित्रा को गिरफ्तार किया था। 8 अप्रैल को सुनवाई के दौरान सीबीआई ने कहा कि जांच अहम मोड़ पर है और वो कई डिजिटल साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है।

इसके पहले 24 मार्च को कोर्ट आनंद सुब्रमण्यम की जमानत याचिका खारिज कर चुका है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने आनंद सुब्रमण्यम की जमानत का विरोध करते हुए कहा था कि आरोपित को लग रहा था कि हिमालयन योगी बनकर छिपे रहेंगे लेकिन सीबीआई ने इनको पकड़ लिया।

9 मार्च को कोर्ट ने सीबीआई को धीमी जांच के लिए फटकार लगाई थी। इस पर सीबीआई ने कहा था कि हम गंभीरता से जांच कर रहे हैं और इसकी जांच के लिए 30 अधिकारियों की एक स्पेशल टीम गठित की गई है। इस टीम में एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। सीबीआई ने कहा था कि उसने इस मामले में एनएसई के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर रवि नारायण से भी पूछताछ की है।

आनंद सुब्रमण्यम ने 9 मार्च को इस मामले में अपनी जमानत याचिका दायर की थी। आनंद सुब्रमण्यम को 25 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने इस मामले की आरोपित चित्रा रामकृष्णा को 6 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## रानिल विक्रमसिंघे बने श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

### आर्थिक संकट से जूझ रहे द्वीपीय देश को संभालने की है बड़ी जिम्मेदारी



**कोलंबो।** अपनी आजादी के बाद सबसे भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहे श्रीलंका में रानिल विक्रमसिंघे (फंल्ल' ह्रू'१ीी२ल्लौं) नए प्रधानमंत्री बने हैं। उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में जाना जाता है जो दूरगामी नीतियों के जरिये अर्थव्यवस्था को संभाल सकता है और अंतरराष्ट्रीय सहयोग हासिल कर सकता है। हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद सोमवार को राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के बड़े भाई महिंदा राजपक्षे ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

बुधवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले राष्ट्रपति ने रानिल विक्रमसिंघे से बंद कमरे में बातचीत की थी। श्रीलंका की सबसे पुरानी पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के 73 वर्षीय नेता रानिल विक्रमसिंघे चार बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। अक्टूबर, 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रिपाल सिरिसेना ने उन्हें प्रधानमंत्री के पद से बर्खास्त कर दिया था, लेकिन दो महीने बाद ही सिरिसेना ने उन्हें प्रधानमंत्री पद पर बहाल कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक, सत्तारूढ़ श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) के सदस्यों, मुख्य विपक्षी दल समागी जन बलवेगया (एसजेबी) और कई अन्य पार्टियों ने संसद में रानिल विक्रमसिंघे का समर्थन करने का फैसला किया है।

मालूम हो कि देश के सबसे पुरानी पार्टी होने के बावजूद 2020 के संसदीय चुनावों में यूएनपी एक भी सीट जीतने में विफल रही थी। यूएनपी का गढ़ माने जाने वाले कोलंबो से रानिल विक्रमसिंघे भी चुनाव हार गए थे। बाद में वह कुम्युलेटिव नेशनल वोट के जरिये संसद पहुंचे थे। जबकि उनके डिप्टी रहे सजित प्रेमदासा ने अलग पार्टी एसजेबी बना ली थी और जो मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरकर सामने आई।

**संसद करेगी कार्यकारी राष्ट्रपति प्रणाली खत्म करने पर विचार : गोटाबाया**

राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि संसद कार्यकारी राष्ट्रपति प्रणाली को समाप्त करने पर विचार करेगी। यह कदम उनकी शक्तियों पर अंकुश लगाएगा। यह विपक्ष की मुख्य मांगों में से एक है। देश में 1978 से शासन की राष्ट्रपति प्रणाली लागू है।

**विपक्षी नेता कर रहे राष्ट्रपति से इस्तीफे की मांग**

'डेली मिरर' अखबार की खबर के मुताबिक, राष्ट्रपति ने एसजेबी सांसद और फील्ड मार्शल सरथ फोंसेका से भी मुलाकात की थी। लेकिन फोंसेका ने राष्ट्रपति गोटबाया की अध्यक्षता वाली सरकार में कोई पद स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। विपक्ष के नेता सजित प्रेमदासा का भी कहना था कि अगर गोटाबाया निर्धारित समयावधि के भीतर अपने इस्तीफे समेत कुछ शर्तों पर राजी हो जाते हैं तो वह नई सरकार बनाने के उनके निमंत्रण को स्वीकार कर लेंगे।

**संसद में 17 को राष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा**

श्रीलंका की संसद में राष्ट्रपति गोटाबाया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर 17 मई को चर्चा होगी। विभिन्न पार्टियों के साथ गुरुवार को हुई बैठक के बाद स्पीकर के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

**महिंदा राजपक्षे और 16 अन्य के देश छोड़ने पर रोक**

श्रीलंका के फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे, उनके पुत्र व सांसद नमल राजपक्षे और 15 अन्य की विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया। यह प्रतिबंध उनके खिलाफ इसी हफ्ते कोलंबो में शांतिपूर्ण सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर जानलेवा हमलों की जांच के मद्देनजर लगाया गया है। सभी से अदालत में उनका पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है।

**प्रदर्शनकारियों पर कैदियों के हमले की जांच शुरू**

श्रीलंका के जेल प्राधिकारियों ने कोलंबो में सरकार के विरुद्ध प्रदर्शन करने वालों पर हमला करने के लिए देश के एक जेल शिविर के कैदियों का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

## सभी वर्गों के हितों पर होगा उदयपुर में चिंतन: कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश इस वक्त भीषण समस्याओं से जूझ रहा है और आम आदमी का जीवन संकट से घिरा है इसलिए पार्टी उदयपुर के चिंतन शिविर में जनआंकांक्षाओं पर खरा उतरने की रणनीति के साथ ही उन सब मुद्दों पर चर्चा करेगी जिनसे देश की जनता जूझ रही है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में असमानता, असहिष्णुता, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। दलितों तथा आदिवासियों के आरक्षण पर हमला बोला जा रहा है। समस्याओं पर पर्दा डालने के लिए धर्मांधता और रूढ़िवादिता फैलाकर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। सरकार की नीतियों से लोग त्रस्त हैं और इसी के चलते कांग्रेस देश की जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप उदयपुर में 13,14 और 15 मई 2022 को आत्मचिंतन, आत्ममंथन और आत्मावलोकन कर ह्यनव संकल्पह्ल पर चिंतन करेगी।

उन्होंने कहा कि बढ़ती आर्थिक असमानता के चलते 142 सबसे बड़े अमीरों की सम्पति एक साल में 30 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई लेकिन देश के 84 फीसदी घरों की आय घट गई है। गर्त में गिरती अर्थव्यवस्था के कारण डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 77.56 हो गई है। आजादी के बाद से रुपया इतना कमजोर कभी नहीं हुआ। दूसरी ओर देश का कर्ज. 2014 में 55 लाख करोड़ रुपए था जो 2022 में बढ़ कर 135 लाख करोड़ रुपए हो गया और महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। वर्ष 2014 में 410 रुपए में मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर अब 1,000 रुपए का हो गया है और पेट्रोल 71 रुपए प्रति लीटर से बढ़कर 105.41 रुपए लीटर हो गया है। डीजल तब 56 रुपए प्रति लीटर था जो आज बढ़कर 95.87 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

प्रवक्ता ने कहा कि देश में बेरोजगारी की दर आठ प्रतिशत से अधिक हो गई है। केंद्र सरकार, उसके उपक्रमों तथा प्रांतीय सरकारों में 30 लाख से ज्यादा पद खाली हैं। सेना में 2,55,000 पद खाली हैं। निजी क्षेत्र में लघु और छोटे उद्योग तालाबंदी की कगार पर हैं। दो करोड़ रोजगार हर साल देना तो दूर करोड़ों लोगों के रोजगार छीने जा रहे हैं। खेती को प्राइवेट कंपनियों को सौंपने का षड्यंत्र जारी है। पहली बार खेती पर जीएसटी लगाकर खाद, ट्रैक्टर तथा खेती के उपकरणों कीटनाशक दवाई को इसके दायरे में लाया गया है। खाद की सब्सिडी काटी जा रही है।

उन्होंने सीमा पर चीन के दुस्साहस का भी जिक्र किया और कहा कि उसने लद्दाख में हमारी सरजमीं पर कब्जा किया हुआ है। अरुणाचल की सीमा पर अतिक्रमण कर अपने ठिकाने बना रहा है। डोकलाम में सड़क निर्माण, तोपखाने तथा सैनिक ठिकानों का निर्माण कर हमारी अखंडता को सीधे चुनौती दी जा रही है लेकिन मोदी सरकार इस पर खामोश है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि चिंतन शिविर में जिन 430 चिंतकों को आमंत्रित किया गया है और वे सब अलग अलग समूहों में अलग अलग सत्रों और समूहों में तीन दिन चिंतन मंथन करेंगे तथा इस व्यापक चिंतन मंथन का जो निष्कर्ष निकलेगा उसे कांग्रेस कार्य समिति के समक्ष रखकर अंतिम रूप दिया जाएगा।

## विश्व को किफायती स्वास्थ्य सेवाएं, वैक्सीन, दवाएं देता रहेगा भारत: मोदी



**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व समुदाय को भरोसा दिया कि भारत कोविड महामारी से निपटने के लिए अपनी स्वदेशी एवं किफायती तकनीक, वैक्सीन एवं अन्य उपचार सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सदा तत्पर रहेगा।

श्री मोदी ने यह इरादा अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बिडेन के निमंत्रण पर दूसरे वर्चुअल वैश्विक कोविड शिखर सम्मेलन में व्यक्त किया। ह्यमहामारी की थकान से बचाव और तैयारियों की प्राथमिकताएंह्ल विषयवस्तु पर आधारित इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत ने महामारी से मुकाबले के लिए जनकेन्द्रित रणनीति बनायी और इस वर्ष अब तक का सर्वाधिक स्वास्थ्य बजट आवंटित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चला रहा है और देश की तकरीबन 90 प्रतिशत वयस्क आबादी को तथा पांच करोड़ बच्चों को टीका लगा चुका है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वैश्विक समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य होने के नाते भारत कोविड से निपटने के लिए किफायती स्वदेशी तकनीक, वैक्सीन और अन्य उपचार सुविधाएं अन्य देशों के साथ साझा करने में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत जीनोम निगरानी कंसोर्शियम के साथ मिल कर काम कर रहा है। भारत ने अपनी पारंपरिक दवाओं को व्यापक रूप से इस्तेमाल किया और भारत में पारंपरिक औषधियों का विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का केन्द्र की आधारशिला रखी है ताकि यह ज्ञान दुनिया को भी उपलब्ध हो सके।

श्री मोदी ने डब्ल्यूएचओ में सुधार करके उसे सशक्त बनाने का आह्वान किया ताकि वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा ढांचा अधिक मजबूत और टिकाऊ हो।

शिखर सम्मेलन में भाग लेने वालों में कैरेबियाई द्वीपीय देशों के मुखिया के रूप में बेलीज, अफ्रीकी संघ के अध्यक्षता कर रहे सेनेगल, जी-20 समूह के अध्यक्ष इंडोनेशिया, जी-7 समूह के अध्यक्ष जर्मनी के राष्ट्राध्यक्ष अथवा शासनाध्यक्ष तथा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक एवं अन्य मेहमान भी शामिल हुए।

गत वर्ष 22 सितंबर को आयोजित प्रथम वर्चुअल वैश्विक कोविड शिखर सम्मेलन में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भाग लिया था।

# मार्च 2024 तक हर राजस्व ग्राम के हर घर में पीने के साफ पानी का लक्ष्य : योगी

- मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत के साथ बैठक कर की समीक्षा
- बैठक में उप्र के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह समेत शासन के अधिकारी रहे मौजूद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ जलशक्ति विभाग व स्वच्छ भारत मिशन की विविध परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर देशवासी को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के उद्देश्य से 15 अगस्त 2019 को घोषित की गई 'जल जीवन मिशन' से आज बुंदेलखंड-विंध्य क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। हर घर में शुद्ध पेयजल का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर नल-हर घर जल' के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.64 लाख घरों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाना है। विगत पांच वर्ष में शुद्ध पेयजल से वंचित दो करोड़ 51 लाख से अधिक आबादी के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। 36 लाख घरों में नल के कनेक्शन लगाये गये हैं। अकेले विंध्य-बुंदेलखंड क्षेत्र में 18.67 लाख घरों को पाइप्ड पेयजल से जोड़ा गया है। 57.62 लाख घरों में कार्य जारी है। शेष घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिलने लगेगी। इस कार्य को समयबद्धता के साथ चरणबद्ध रूप से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार साथ मिलकर जलशक्ति, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे परियोजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन करेंगे। केंद्र की टीम को 'टीम यूपी' को पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों की कृषि उत्पादन आयुक्त के स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। इसकी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराएं। मंत्री और अधिकारी फील्ड विजिट करें। हमें स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा। कार्यपद्धति में पूरी शुचिता और पारदर्शिता होनी चाहिए।

जल जीवन मिशन से 100 प्रतिशत संतृप्त गांवों का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। जब गांव के हर एक घर में नल से जल आना शुरू हो जाए। पानी पर्याप्त हो और गुणवत्ता संतुष्टिपरक हो, तब वहां ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित कर लाभान्वित लोगों की संतुष्टि का स्तर आंका जाए। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए। अगर एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्सेनिक, फ्लोराइड, खारापन, नाइट्रेट, आयरन आदि के कारण गुणवत्ता प्रभावित जल वाले क्षेत्रों के सुधार के लिए जल जीवन मिशन अंतर्गत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इस सम्बंध में भारत सरकार अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। इन क्षेत्रों में कार्य तेज किए जाने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने वाली संस्था परियोजना के क्रियान्वयन/निर्माण आदि के लिए होने वाली टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं लें। इस व्यवस्था पर कड़ाई से अमल किया जाए। प्रदेश के 23 हजार गांवों में जहां कार्य जारी हैं, उन्हें आगामी छह माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखें। जिन 18 हजार 629 गांवों के लिए डीपीआर तैयार है, उनकी एसएलएसएससी की स्वीकृति की प्रक्रिया प्रत्येक दशा में अगले एक माह के भीतर पूरी कर ली जाए। जल जीवन मिशन के लिए विलेज एक्शन प्लान ग्राम पंचायत के बजाय राजस्व गांवों के स्तर पर बनाया जाए। सभी 97 हजार राजस्व गांवों में इस कार्य को तेजी से पूरा कर लिया जाए। वाटर टेस्टिंग के कार्य से स्थानीय जल समितियों को जोड़ा जाए। महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें भी इस कार्य में शामिल किया जा सकता है। जल जीवन मिशन और नमामि गंगे परियोजनाओं के कार्यों का जिलाधिकारी स्तर पर सतत मानिटरिंग किया जाए। यथाशीघ्र राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) नियुक्त किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर ग्राम पंचायत में न्यूनतम एक सामुदायिक शौचालय कॉम्प्लेक्स के निर्माण का संकल्प पूरा होने की ओर है। सतत प्रयासों से प्रदेश के 58 हजार 289 ग्राम पंचायतों में से 57 हजार 266 में सामुदायिक शौचालय बन चुके हैं। स्थानीय ग्रामीण महिला को ही इनका केयरटेकर भी नियुक्त किया गया है। कॉम्प्लेक्स के प्रबंधन व रखरखाव के लिए तीन हजार और केयरटेकर को छह हजार मासिक भुगतान भी किया जा रहा है। इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को काफी सुविधा मिली है।

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश खुले में शौच से मुक्त हो चुका है। अब हम ओडीएफ प्लस की ओर अग्रसर हैं। इस कार्य को तय लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। भारत सरकार की अटल भूजल योजना को आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों को भी भूजल योजना से जोड़ा है। बुंदेलखंड में इस योजना के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। इस अभियान से अधिकाधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास हो।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश के खेतों में सिंचाई की सुविधा में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। बाणसागर, सरयू नहर, अर्जुन सहायक जैसी परियोजनाओं ने किसानों को बड़ी राहत दी है। खेत तक पानी पहुंचाने के लिए कुलाबे की जगह पाइप का प्रयोग करने पर भी विचार करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बांध के पुनरुद्धार और सुधार के लिए भारत सरकार द्वारा अभिनव पहल की गई है। इस परियोजना में उत्तर प्रदेश के अधिकाधिक बांधों को शामिल कराया जाए। परियोजना से मौजूदा चयनित बांधों की सुरक्षा और संचालन क्षमता में सुधार होगा और उनकी असफलता का जोखिम कम होगा। साथ ही, आजीविका के लिए बांधों के जल क्षेत्र पर निर्भर शहरी और ग्रामीण समुदाय के लोगों को मिलेगा। बांधों में सिल्ट की समस्या के स्थायी निदान के लिए ठोस प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार के सम्बंधित विभागीय मंत्री, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## ला एंड आर्डर को बुलडोज कर दिया है योगी सरकार ने : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरूवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने लॉ-एण्ड-आर्डर को ही बुलडोज कर दिया है।

श्री यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि बहन बेटियों के लिए उत्तर प्रदेश सर्वाधिक असुरक्षित प्रदेश बन गया है। स्कूल, घर, थाने और अब अस्पताल में भी बलात्कार होने लगे हैं। दूसरी बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को रेप स्टेट बना दिया है। भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील साबित हो चुकी है।

उन्होने कहा कि विज्ञापनों में कानून व्यवस्था का झूठा प्रचार करके मुख्यमंत्री जी अब जनता को बहका नहीं सकेंगे। सच तो यह है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराध का मीटर दुगना रफ्तार से बढ़ रहा है।

पुलिस थाने अराजकता के केन्द्र बन गए हैं। लूट, हत्या, अपहरण और बलात्कार के मामलों में उत्तर प्रदेश आगे जा रहा है। भाजपा सरकार ने विकास को किनारे कर रखा है। वह नफरत और समाज को बांटने वाली गतिविधियों को बढ़ावा देने में लग गई है। श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री को जगह-जगह जाकर भाषण देने का शौक है, वे प्रशासन पर लगाम कसने में विफल साबित है। फर्जी मुकदमों और फर्जी एनकाउण्टरों में भाजपा सरकार रिकार्ड बना रही है।

## उत्तर प्रदेश के मदरसों में अनिवार्य हुआ राष्ट्रगान

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में बृहस्पतिवार से रोजाना राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य कर दिया गया। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार एसएन पांडे ने गत नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस बारे में आदेश जारी किया। पांडे ने आदेश में कहा है कि पिछली 24 मार्च को बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप नये शिक्षण सत्र से सभी मदरसों में प्रार्थना के समय राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है।



पांडे ने बताया कि रमजान माह के दौरान मदरसों में 30 मार्च से 11 मई तक अवकाश घोषित था और 12 मई से नियमित कक्षाएं शुरू हुईं लिहाजा यह आदेश आज से लागू हो गया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य के सभी मान्यता प्राप्त अनुदानित और गैर अनुदानित मदरसों में आगामी शिक्षण सत्र से कक्षाएं शुरू होने से पहले अन्य दुआओं के साथ समवेत स्वर में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य रूप से करना होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के लिए नियमित रूप से निगरानी करनी होगी।

शिक्षक संघ मदारिस अरबिया के महामंत्री दीवान साहब जमां खां ने बताया कि मदरसों में अभी तक कक्षाएं शुरू होने से पहले आमतौर पर हम्द (अल्लाह की तारीफ) और सलाम (मोहम्मद साहब का अभिवादन) पढ़ा जाता था। कुछ जगहों पर राष्ट्रगान भी गाया जाता था मगर यह अनिवार्य नहीं था। लेकिन अब इसे अनिवार्य कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने पिछले महीने मदरसों में राष्ट्रवाद की शिक्षा देने पर जोर दिया था। विभागीय राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने भी कहा था कि सरकार चाहती है कि मदरसे के छात्र 'देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत' हों। उत्तर प्रदेश में इस वक्त कुल 16461 मदरसे हैं, जिनमें से 560 को सरकार से अनुदान प्राप्त होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लुम्बनी दौरे से पहले बुटवल में बम विस्फोट

**महराजगंज, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 16 मई को लुम्बनी कस्बे में सम्भावित आगमन से पहले बम विस्फोट हुआ है। माना जा रहा है कि यह कायराना हरकत क्षेत्र में दहशत फैलाने की कोशिश है। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटनास्थल पर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (सीपीएन) माओवादी गुट का पत्र मिला है। इंडो बॉर्डर सोनौली कस्बे से दूर पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के बुटवल कस्बे में बुधवार देर रात हुए बम विस्फोट के बाद नेपाली पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। बुटवल क्षेत्र के डीएसपी ढाक बहादुर केसी के मुताबिक बुटवल कस्बे के मिलन चौक पर बुधवार रात 12 बजे के बाद यह बम विस्फोट हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि अगल-बगल के रिहायशी मकानों की खिड़कियों में लगे शीशे टूट गए। 11 रेस्तरां की खिड़कियां भी बम विस्फोट में टूटी हैं। घटना को अंजाम देने वालों के बारे में अभी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस कुछ भी कहने से परहेज कर रही है। पुलिस घटना में अज्ञात लोगों का हाथ बता रही है।

### आवारा सांड ने यूपी के किसान पर किया हमला, हुई मौत

**आगरा, एजेंसी।** आगरा जिले के सेवाला गौरव गांव में एक आवारा सांड ने 37 वर्षीय किसान को पटक पटक कर मार डाला। पीड़ित जितेंद्र बघेल ने किराए के खेत में खरबूजे उगाए थे और उसे आवारा मवेशियों से बचाने की कोशिश कर रहे थे, तभी एक बैल ने उस पर हमला कर दिया। बघेल को सांड ने कई बार हवा में उछाला। बाद में ग्रामीणों ने उसे खेत में मृत पाया। पुलिस ने बुधवार रात पोस्टमार्टम के बाद शव शोक संतप्त परिवार को सौंप दिया। बघेल जनवरी के बाद से आवारा पशुओं का पांचवां शिकार है। किसान के परिवार में उसकी पत्नी और एक बेटे सहित तीन नाबालिग बच्चे हैं। इस बीच, अनुमंडल दंडाधिकारी जेपी पांडे ने कहा कि हमने किसान की मौत का संज्ञान लिया है।

### यूपी सरकार मनाएगी अमृत योग महीना

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश ने भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर कम से कम 7.5 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने की योजना बनायी है। यूपी सरकार 21 मई से 21 जून तक अमृत योग माह के रूप में मनाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा।

दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी जिलाधिकारियों को 7.5 करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य दिया है। साथ ही आयुष विभाग से योग को लेकर की जा रही तैयारियों की रिपोर्ट मांगी हैं। 21 जून को विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास किया जाएगा। गंगा घाटों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां अभी से शुरू हो गई हैं। कानपुर की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी विभागों और उनके प्रमुखों को 21 जून को होने वाले योग दिवस के लिए जारी दिशा-निदेशरें का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि 21 जून को सभी सरकारी विभागों के प्रमुख भी लोगों के साथ योगाभ्यास करें। इस मौके पर गंगा नदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया जाएगा। योगी सरकार चिकित्सा के प्राकृतिक तरीकों पर आधारित स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा देना चाहती है। योग प्राकृतिक उपचार की आधारशिला है और सरकार इस बार इसे अगले स्तर पर ले जाना चाहती हैं।

### भूलेखों में हेराफेरी: बलिया में राजस्व कर्मियों सहित चार लोगों के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज

**बलिया, एजेंसी।** बलिया जिले के उभांव थाने में राजस्व कर्मियों सहित चार लोगों के विरुद्ध भूलेखों में हेराफेरी करने के आरोप में जालसाजी का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विनोद कुमार जायसवाल नामक व्यक्ति की शिकायत पर उभांव थाना में राजस्व कर्मियों समेत चार लोगों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि जायसवाल की शिकायत है कि उभांव थाना क्षेत्र के बिल्थरा रोड कस्बे में हनुमान प्रसाद के नाम अंकित जमीन संबंधी भूलेख में हेराफेरी की गई। थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अयोध्या आना है तो उत्तर भारतीयों से माफी मांग राज ठाकरे : ब्रजभूषण

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कैसरगंज के सांसद बृजभूषण सिंह ने गुरूवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे जब तक उत्तर भारतीयों से माफी नहीं मांगते है, तब तक उन्हे अयोध्या में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। भाजपा सांसद ने आज यहां अयोध्या में संत धमार्चार्यों से भेंट करके मनसे प्रमुख राज ठाकरे की पांच जून को अयोध्या में आने का विरोध किया और संत-धमार्चार्यों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि मनसे प्रमुख राज ठाकरे उत्तर भारतीयों से माफी मांगे तभी उन्हें अयोध्या में घुसने दिया जायेगा।

## ग्राम बकेश में हुआ माँ वैष्णों देवी मंदिर का भव्य निर्माण एवं मूर्ति स्थापना गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम

**गौरव राय**

**आजमगढ़,** लालगंज तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बकेश में एक भव्य माँ वैष्णों देवी के मंदिर का निर्माण हुआ है जिसका निर्माण कार्य कई दिनों से ग्रामवासियों के सौजन्य से चल रहा था इसके निर्माण हेतु मुख्य रूप से योगदान बकेश गावँ के निवासी सूबेदार, जिलेदार राजभर, जयनाथ प्रजापति और गावँ के राय लोगों का है,

जमीनदान मंदिर बनवाने के लिए संजय राय, बबलू राय, बंटी राय आदि लोगो ने किया जोकि चौधरी खानदान के नाम से भी गावँ में जाने जाते हैं। आज मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं त्रिदिवसीय पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं देव विग्रह प्राणप्रतिष्ठा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें समस्त ग्रामवासियों सहित शेषनाथ राय, राजनारायण राय, राकेश राय, संतोष राय, नीरज राय, अरुण राय,सदानंद राय, गुड्डू राय, संदीप राय, हैप्पी राय, शिवानन्द राय, हरिनारायण राय, रामापति राय, उत्कर्ष राय आदि लोग मौजूद रहे, इस आयोजन के तहत गावँ में बहुत हर्ष और उल्लास का माहौल है और अधिक ग्राम बकेश



धार्मिक कार्यों के लिए जिले में काफी जाना जाता है। वहां एक बाबा सुबासदास के नाम से भी एक बहुत प्रचलित मन्दिर है जिसमें श्रद्धालु दूर दूर से दर्शन करने के लिए आते हैं।

बृहस्पतिवार शाम पूरे मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलित किया गया।

बताते चलें कि ग्राम बकेश जाने माने वरिष्ठ पत्रकार गौरव राय का भी गावँ है जिन्होंने बड़े बड़े मीडिया हाउसेस में काम किया है व अभी कर रहे हैं वह सामाजिक कार्यों के लिए भी बहुत जाने जाते हैं विगत दिनों उन्होंने अपने गावँ की मोबाइल नेटवर्किंग की समस्या के चलते अपने गावँ में मोबाइल टॉवर लगवाने के मामले को भी खूब जोर शोर से उठाया था व प्रशासन को गाँव की इस गंभीर समस्या से अवगत कराया था जिसकी प्रक्रिया अभी जारी है जिसके लिए वह पुनः इस मामले को लेकर प्रशासन के समक्ष जल्द रखने वाले हैं।

## योगी करेंगे महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव का शुभारंभ

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास का 84वां जन्मदिन चार से 13 जून तक रामनगरी अयोध्या में धूमधाम से मनाया जायेगा जिसका उदघाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने गुरूवार को बताया कि महंत नृत्यगोपाल दास जी का चौरासिवां जन्म दिवस चार जून से तेरह जून तक धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस जन्मोत्सव का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चार जून को करेंगे। जन्मोत्सव में कथाव्यास प्रेमभूषण जी महाराज, रामलीला सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है। देश के संत धमार्चार्यों को जन्मोत्सव में बुलाने के लिये निमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं। महंत कमल नयन दास ने बताया कि तेरह जून को एक संत सम्मेलन का भी आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य विजेन्द्र सरस्वती महाराज को भी निमंत्रण भेजा गया है और निवेदन किया गया है कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मणिराम दास छावनी के महंत नृत्यगोपाल दास के जन्मोत्सव में आने का कष्ट करें। देश भर के महान विभूतियों, संत धमार्चार्यों जगद्गुरू रामानंदाचार्य सहित कई साधु संत मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, पूर्व उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा सहित कई अन्य मंत्रियों को भी बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी निमंत्रण भेजा गया है हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यस्तता को देखते हुये उन्हे निमंत्रण नहीं भेजा गया है।

## खेतों से शुरू होगी कुपोषण के खिलाफ जंग, मक्का बनेगा जरिया

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कुपोषण को दूर करने के लिए खेतों से ही लड़ाई की शुरूआत कर दी है। दलहन और तिलहन के बाद प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले पोषक तत्वों से भरपूर मक्का इसका जरिया बनने जा रहा है। राज्य में 2021-2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मेट्रिक टन था। पांच साल में इसे बढ़ाकर 27.30 मेट्रिक टन करने का लक्ष्य है।

हर मौसम (रबी, खरीफ एवं जायद) और हर तरह की भूमि में होने वाले मक्के का जवाब नहीं। यही वजह है कि योगी सरकार ने मक्के का उत्पादन पांच साल में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल 2021-2022 में मक्के का उत्पादन 14.67 लाख मेट्रिक टन था। पांच साल में इसे बढ़ाकर 27.30 मेट्रिक टन करने का लक्ष्य है। इसके लिए रकबा बढ़ाने के साथ प्रति हेक्टेयर प्रति कुंतल उत्पादन बढ़ाने पर भी बराबर का जोर होगा।



यूपी में 2021-2022 में 6.91 लाख हेक्टेयर में मक्के की खेती हुई। 14.67 लाख मेट्रिक टन उत्पादन हुआ। प्रदेश में इसकी उपज बढाने की भरपूर संभावना है। देश और यूपी की प्रति हेक्टेयर औसत उपज क्रमशः 2600 एवं 1788 किलोग्राम है। 2021-22 में यह बढ़कर 2163 कुंतल हो गई। सर्वाधिक उत्पादन वाले तमिलनाडु की औसत उपज 5939 कुंतल है। विषेषज्ञों की माने तो प्रति हेक्टेयर औसत उपज 100 कुंतल तक संभव है। अमेरिका में प्रति हेक्टेअर उत्पादन करीब 960 कुंतल है। ऐसे में खेती के उन्नत तरीके से उपज बढ़ाने की भरपूर संभावना है।

मालूम हो कि मक्के का प्रयोग ग्रेन बेस्ड इथेनॉल उत्पादन करने वाली औद्योगिक इकाइयों, कुक्कुट एवं पशुओं के पोषाहार, दवा, कास्मेटिक, गोंद, वस्त्र, पेपर और एल्कोहल इंडस्ट्री में भी होता है। इसके अलावा मक्के को आटा, धोकला, बेबी कार्न और पाप कार्न के रूप में भी खाया जाता है। किसी न किसी रूप में ये हर सूप का अनिवार्य हिस्सा है। ये सभी क्षेत्र संभावनाओं वाले हैं। आने वाले समय में इनके विस्तार के साथ ही मक्के की मांग भी बढ़ेगी। इस बढ़ी मांग का अधिक्तम लाभ प्रदेश के किसानों को हो इसके लिए सरकार मक्के की खेती के प्रति किसानों को जागरूक करेगी। उनको खेती के उन्नत तौर तरीकों की जानकारी देने के साथ सीड रिप्लेसमेंट (बीज प्रतिस्थापन) की दर को भी बढ़ाएगी। किसानों को मक्के की उपज का वाजिब दाम मिले इसके लिए सरकार पहले ही इसे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में ला चुकी है।

विषेषज्ञों के अनुसार मक्के में भरपूर मात्रा में पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। इसमें काबोर्हाइड्रेड, शुगर, वसा, प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल मिलता है। इस लिहाज से मक्के की खेती कुपोषण के खिलाफ जंग साबित हो सकती है। इन्हीं खूबियों की वजह से मक्के को अनाजों की रानी कहा गया है।

मक्के की खेती में एक बात का खयाल रखें कि फूल आने के समय तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक न हो। इससे अधिक तापमान होने पर दाने नहीं पड़ते। अगर सिंचाई की सुविधा हो तो फरवरी के दूसरे हफ्ते में आलू, सरसों और सब्जी की फसलों से मक्का बो सकते हैं। साथ में सह फसल के रूप में जायद की मूंग और उड़द की भी फसल ले सकते हैं। इससे सिर्फ 70-80 दिन में प्रोटीन से भरपूर दलहन की एक अतिरिक्त फसल तो मिलेगी ही। दलहनी फसलों की जड़ों में नाइट्रोजन स्थिर करने की खूबी का जो लाभ भूमि को मिलेगा, वह अतिरिक्त होगा।

क्रील सिस्टम इनीसिएटिव फार साउथ एशिया (सीसा) के वैज्ञानिक डा.अजय ने बताया कि किसान, कृषि जलवायु क्षेत्र के अनुसार उन्नत प्रजातियों की बोआई करें। डंकल डबल, कंचन 25, डीकेएस 9108, डीएचएम 117, एचआरएम-1, एनके 6240, पिनैवला, 900 एम और गोल्ड आदि प्रजातियों की उत्पादकता ठीकठाक है। वैसे तो मक्का 80-120 दिन में तैयार हो जाता है। पर पापकार्न के लिए यह सिर्फ

# तिलक ब्रिज-निजामुद्दीन स्टेशन के बीच मालगाड़ी के 13 डिब्बे पटरी से उतरे





**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तिलक ब्रिज और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के बीच मालगाड़ी के 13 डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद इस रूट पर कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी बीटीपीएन (बोगी टैंक पेट्रोल और नेफ्था) से लदी थी। फिलहाल इस मामले के संबंध में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। रूट को भी सामान्य किया जा रहा है। वहीं इससे पहले कोयले से लदी मालगाड़ी के 13 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। रेलवे के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में ये हादसा हुआ था।

कोयले संकट के बीच इस तरह के हादसों के कारण रेलवे को कई फेरों को रद्द करना पड़ता है। खासतौर पर डेडीकेटेड कॉरिडोर पर यह हादसे अन्य माल गाड़ियों की आवाजाही को बेहद प्रभावित करते हैं। ऐसे में जब रेलवे लगातार कोयले की पूर्ति के लिए फेरों में बढ़ोतरी कर रही है उस समय ऐसा हादसा बिजली संकट और कोयले की कमी को और बढ़ा सकता है।

गौरतलब है कि दिल्ली-हावड़ा रूट देश के सबसे व्यस्तम रेलवे मार्गो में से एक है। इसी रूट से अधिकतर गाड़ियां कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी होते हुए बिहार व बंगाल तक जाती हैं। वहीं मालगाड़ी के जरिए ज्यादा से ज्यादा कोयले की सप्लाई की जा रही है।

वहीं, रेलवे बिजली संयंत्रों को कोयला पहुंचाने के लिए प्रति दिन औसतन 498 रैक उपलब्ध करा रहा है। इस बीच खबर आ रही है कि इनमें से सिर्फ 417 रैक का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। यह आंकड़ा ऐसे समय आया है, जब कुछ कोयला आधारित बिजली संयंत्र ईंधन आपूर्ति के मुद्दे से जूझ रहे हैं। रेलवे ने इस साल कोयला रैक के लिए प्रतिदिन औसतन 26,386 वैगन उपलब्ध कराए हैं जबकि 2020-21 में यह संख्या 21,824 वैगन थी। इस साल 10 मई को रेलवे ने वैगन की संख्या बढ़ाकर 29,283 और 11 मई को 29,944 कर दी थी।

# निगम कर्मचारियों पर अत्याचार कर रही है दिल्ली सरकार - महापौर, पूर्वी दिल्ली

**सुषमा रानी**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल और स्तायी समिति अध्यक्ष, श्री बीर सिंह पंवार ने आज प्रेस वार्ता को संबोधित किया। महापौर, श्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम में 25000 से ज्यादा कर्मचारी हैं जिन्हें पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है। उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी है, दुकानदारों ने उधार देना बंद कर दिया है। मकान की किस्त न देने के कारण उन्हें बैंकों से नोटिस आ रहे हैं, वे अपने बच्चों के स्कूल की फीस नहीं दे पा रहे हैं जिसके कारण स्कूल वालों ने भी बच्चों को चेतावनी दे दी है। लेकिन दिल्ली में बैठी राज्य सरकार असंवेदनशील हो चुकी है। अपने दायित्वों की जान-बूझकर अनदेखी कर रही है।

दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर दिल्ली नगर निगमों को देय बीटीए की पहली किस्त के अग्रिम भुगतान करने के लिए आज हमने दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है और इसकी प्रतिलिपि माननीय उप-राज्यपाल को भी भेजी है।

यह ज्ञात हुआ है कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम-2022 के पारित होने तथा दिल्ली नगर निगमों के एकीकरण के कारण दिल्ली सरकार फंड जारी नहीं कर रही है। इसलिए आपके माध्यम से एकीकरण के तथ्यों को सामने रखना चाहता हूंः-

1. दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 107 ए के तहत स्थानीय निकायों को दिल्ली सरकार द्वारा आनुपातिक हिसाब से फंड उपलब्ध कराना होता है जोकि संविधान के अनुच्छेद 243-आई एवं 243-वाई के तहत बाध्यकारी है और इसमें दिल्ली नगर निगम अधिनियम 2022 के तहत कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, चाहे निगम तीन हो या एक हो।

2. दिल्ली नगर निगम अधिनियम 2022 भले ही पास हो गया है लेकिन पूर्वी दिल्ली नगर निगम अभी भी कार्य कर रहा है और पूर्वी दिल्ली नगर निगम को जिस फंड की संस्तुति की गयी है वह उसे प्राप्त होना चाहिए।

3. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार संविधान के प्रावधानों के तहत निगमों को फण्ड जारी करने के लिए बाध्य है चाहे वह अलग हों या एकीकृत हों।

4. दिल्ली नगर निगम अधिनियम 2022 केवल दिल्ली नगर निगम अधिनियम 2011 का उलट है जिसमें सरकार का मतलब दिल्ली सरकार न होकर केन्द्र सरकार रखा गया है।

5. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार 2012 से पहले भी एकीकृत निगम को वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर फंड रिलीज करती थी।

6. हालांकि अभी छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं किया गया है, नगर निगमों को पांचवे दिल्ली वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर फंड जारी करना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है।

7. उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार लगातार एकीकृत दिल्ली नगर निगम को वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर फंड रिलीज करती थी और इस प्रकार का कोई व्यवधान बीच में नहीं था।

पिछले 2 वर्शों में कोविड-19 महामारी के दौरान पूर्वी दिल्ली नगर निगम के कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर जी-तोड़ मेहनत की है। महामारी के दौरान जीटीबी अस्पताल के सारे मरीज स्वामी दयानन्द अस्पताल में आने की वजह से हमारे संसाधन कम पड़ गये। परन्तु सीमित संसाधनों के बावजूद दवाईयों का छिड़काव, सैनिटाइजेषन, वैक्सीनेषन, मास्क व अन्य चीजों की आपूर्ति सही तरीके से की गयी। हमारे षिक्षकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर राषन बांटने का काम किया। इसके लिए हमें दिल्ली सरकार से अतिरिक्त मदद की आवष्यकता थी परन्तु दिल्ली सरकार ने बिना किसी कारण के अतिरिक्त मदद देना तो दूर, उल्टे निगम को मिलने वाली हस्तांतरण निधि में कटौती कर दी जोकि निगम के उपर एक तरह से जघन्य अत्याचार है क्योंकि इसका असर आम जनता पर पड़ा है।

# मोबाइल फोन न देने पर पति ने पत्नी को चाकुओं से गोदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पश्चिमी जिले के आदर्श नगर इलाके में मोबाइल फोन नहीं देने पर पति ने पत्नी को चाकुओं से गोद दिया। वहीं बच्ची ने मां को बचाने का प्रयास किया तो आरोपित ने उसे भी पीट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। घायल महिला की बेटी ने मामले की सूचना मौसी व पुलिस को को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इधर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान मोहम्मद मसरूर के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद मसरूर परिवार के साथ आदर्श नगर में रहता है। वह एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, देर रात करीब दो बजे मोहम्मद मसरूर अपनी पत्नी आसमा से फोन मांगने लगा। आसमा ने फोन देने से मना कर दिया। जिसपर दोनों का झगड़ा शुरू हो गया। शोर सुनकर 12 वर्षीय बच्ची उठ गई।

# अदालत ने एक शख्स के खिलाफ यौन शोषण के आरोप में दर्ज प्राथमिकी रद्द की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन शोषण के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया उसने यौन शोषण का कोई कृत्य नहीं किया है। अदालत ने कहा कि उसका मानना है कि अगर मौजूदा कार्यवाही जारी रहती है तो यह एक व्यर्थ कवायद होगी, जिससे लड़की को काफी तनाव हो रहा है।

न्यायमूर्ति आशा मेनन ने 21 वर्षीय व्यक्ति की याचिका को मंजूर कर लिया और उसके खिलाफ यहां राजेंद्र नगर पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी रद्द कर दी। उसके खिलाफ एक नाबालिग के अपरहण और यौन शोषण के आरोप में यह प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि लड़की द्वारा मजिस्ट्रेट को दिए गए बयान को देखते हुए ऐसा लगता है कि इस व्यक्ति ने यौन प्रकृति का कोई कृत्य नहीं किया और प्रथम दृष्टया यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत अपराध का मामला नहीं बनता है।

आरोपी की पैरवी कर रहे वकील पार्थ गोस्वामी ने कहा कि शिकायकर्ता और आरोपी के बीच समझौता हुआ है, जिसके आधार पर उच्च न्यायालय से प्राथमिकी रद्द करने का अनुरोध किया गया। प्राथमिकी के अनुसार, लड़की के पिता ने 2019 में एक शिकायत दर्ज कराते हुए दावा किया था कि उसकी बेटी लापता है। उस वक्त उसकी बेटी की उम्र 17 साल और नौ महीने थी। याचिका में कहा गया कि लड़की के पिता के सैलून में काम करने वाले शख्स की उसकी बेटी में दोस्ती हो गयी थी और बाद में वह बेंगलुरु चला गया।

आरोपी ने कहा कि लड़की भी उससे मिलने बेंगलुरु पहुंच गयी और उसने अपने माता-पिता के पास लौटने से इनकार कर दिया तथा वह कुछ दिन वहां एक होटल में रही। बाद में लड़की ने मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराया कि उसके और आरोपी के बीच कोई शारीरिक संबंध नहीं बना और वह अपनी मर्जी से उससे मिलने बेंगलुरु गयी थी। प्राथमिकी के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया था और न्यायिक हिरासत में भेजा गया था लेकिन बाद में अदालत से उसे जमानत मिल गयी थी।

# सेंधमारी के मामले में 'जीजा साला' गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में एक टेंपो की चोरी कर जीजा और साला की जोड़ी सेंधमारी की ताबड़तोड़ वारदात को अंजाम दे रहा था। बाहरी जिले के रणहौला थाना पुलिस ने घटनास्थलों से मिले सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच करते हुए बदमाशों की कार के जरिए पुलिस बदमाशों तक पहुंच गई। पुलिस ने साला और जीजा को गिरफ्तार कर लिया है और उनके तीसरे साथी की तलाश कर रही है।

डीसीपी समीर शर्मा ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार बदमाशों की पहचान जय विहार निवासी राजवीर सिंह और उसके साले की पहचान होलंबीकलां निवासी कपिल के रूप में हुई है। उनके कब्जे से पुलिस ने घरेलू सामान एक लोहे की अलमारी, फ्रिज, सिलिंडर, गैस स्टोव, बर्तन, गद्दे, कपड़े के दो बैग और टेंपो और इको स्पोर्टस कार बरामद की है। पुलिस ने सेंधमारी के छह मामले सुलझाने का दावा किया है। चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने एक टीम गठित कर मामले की छानबीन शुरू की।

टीम ने चोरी के मामलों के अपराध स्थल के पास के सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कुछ सीसीटीवी कैमरों में घटनास्थल के पास एक सफेद रंग का टेंपो दिखा। नंबर की जांच में पता चला कि टेंपो नरेला औद्योगिक क्षेत्र से चोरी किया गया था। पुलिस उस जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, जहां से टेंपो को चुराया गया था। घटनास्थल पर पुलिस ने एक इको कार को टेंपो के पीछे पीछे चलते देखा।

इस बीच पुलिस को बापरोला के एक प्लॉट में टेंपो के खड़े होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम वहां पहुंची। टेंपो में घरेलू सामान लदा था। उसके पास ही इको स्पोर्टस कार खड़ी थी। कार नंबर की जांच में पता चला कि कार राजवीर सिंह की पत्नी के नाम पर रजिस्टर है। उसके बाद पुलिस ने राजवीर के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि राजवीर आदतन अपराधी है और उसपर सेंधमारी, चोरी, डकैती और शस्त्र अधिनियम के 25 मामलों में दर्ज हैं। पूछताछ में राजवीर ने बताया कि पहले वह बिजली के तार चुराता था। इसके बाद वह अपने साले और एक साथी बदायूं यूपी निवासी चंद्रभान के साथ चोरी करने लगा। राजवीर की निशानदेही पर पुलिस ने उसके साले कपिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि फरार चंद्रभान की तलाश में दबिश दे रही है।

# युवक की पीट पीटकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेरी इलाके में बीती रात एक युवक की इलाके में रहने वाले कुछ युवकों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। जबकि पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस परिवार के द्वारा बताए कुछ लड़कों की तलाश में उनके ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक युवक की पहचान सन्नी के रूप में हुई है। सन्नी अपने भाई, बहन, मां के साथ प्रकाश विहार कॉलोनी में रहता था। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता था। परिवार वालों ने बताया कि रात करीब दो बजे सन्नी घर पर अधमरी हालात में आया था। जिसके कपड़े भी फटे हुए थे।

# दिल्ली के शाहदरा में नाबालिग से छेड़छाड़ तथा उसका पीछा करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहदरा इलाके में एक किशोरी के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने और उसका पीछा करने के आरोप में 37 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान पहचान इरफान खान के रूप में की गयी है। वह निजी एकाउंटेंट के तौर पर काम करता है और शाहदरा में रहता है। पुलिस ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि 13 वर्षीय पीड़िता ने सात मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि खान कुछ दिनों से उसका पीछा कर रहा था और ट्यूशन के लिए जाते समय आरोपी ने उससे छेड़छाड़ भी की। उन्होंने बताया कि जब लड़की ने अपने माता-पिता को इस बारे में बताया तो वे ट्यूशन के लिए, कुछ दूरी बना कर उसके साथ गए। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) आर एस सुंदरम ने बताया कि अभिभावक कुछ दूर खड़े थे, और जैसे ही खान उनकी बेटी के पास पहुंचा तो उन्होंने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। सुंदरम ने कहा, खान ने वहां से भागने की कोशिश की तो पीड़ित के माता-पिता और अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। बीट अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर उसे बचाया। लड़की की काउंसलिंग की गई और आरोपी की पहचान स्थानीय निवासी इरफान खान के रूप में की गयी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 डी (पीछा करना) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है मामले की जांच चल रही है।

# दिल्ली में अगले मानसून तक 10 लाख पौधे लगाए जाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रदूषणमुक्त हरित दिल्ली के लिए राज्य सरकार अगले मानसून तक 10 लाख नए पौधे लगाएगी। पौधे लगाने के लिए सरकार ने 140.74 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता में हुई व्यय वित्त समिति ने पौधे लगाने के लिए मंजूरी देने के साथ ही पर्यावरण को बचाने का काम करने वाले इको टास्क फोर्स का कार्यकाल पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। यही वजह है कि बीते कुछ वर्षों से इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सिसोदिया ने कहा कि बजट में हमने हरित क्षेत्र बढ़ाने की बात कही थी। उस दिशा में हम पहले भी काम करते रहे हैं और आगे भी करने जा रहे हैं। इसके तहत दिल्ली में 10 लाख नए पौधे लगाने की मंजूरी दी है। दिल्ली में नए शहरी जंगल बनाने के लिए हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पौधे अगले मानसून से पहले लगा दिए जाएंगे। पौधे लगाने के बाद यह हरित क्षेत्र दिल्ली के लिए नए ह्यग्रीन लंग्स की तरह काम करेगा। यह एक निवेश की तरह है जो हमारे नागरिकों को बेहतर वातावरण के साथ बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली का हरित क्षेत्र 342 वर्ग किलोमीटर तक पहुंच गया है। 2015 में यह 299.77 वर्ग किलोमीटर था। बीते कुछ वर्षों से इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अब दस लाख पौधों को हमने परियोजना के एक हिस्से के रूप में दक्षिणी रिज क्षेत्र के असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य, डेरा, मंडी, घिटोरनी, मैदानगढ़ी, रंगपुरी, तुगलकाबाद, पुल प्रह्लादपुर और रजोकरी के वन क्षेत्र में लगाने का फैसला किया है। इसके साथ ही अन्य प्रजाति के पौधों को नुकसान पहुंचाने वाली प्रजातियों के पेड़-पौधों को हटाने का काम भी किया जाएगा।

# कार्रवाई के दौरान कई जगह यातायात बाधित रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ जिन जगहों पर अभियान चला वहां और आसपास ट्रैफिक बाधित रहा। यहां तीन में से केवल दो लेन पर ट्रैफिक चलता दिखाई पड़ा। भीड़भाड़ के चलते इन जगहों पर वाहन रुक-रुककर चलते नजर आए। मदनपुर खादर, कालकाजी, एस्कॉन मंदिर के आसापास, तुर्कमान गेट, रोहिणी, करोल बाग और दिलशाद गार्डन आदि जगहों पर गुरुवार को सुबह से अभियान दल के वाहन और अधिकारी पहुंचने लगे थे। उन्हें देखकर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे। वहीं, कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए स्थानीय पुलिस ने प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। इस दौरान भीड़ बढ़ने के बाद मुख्य मार्गों पर यातायात बाधित हुआ। एक लेन पर लोगों की उपस्थिति, पुलिस बल और बुलडोजर चलते दिखाई दिए, जिससे वाहनों के चलने के लिए रास्ता संकरा हो गया।

# दिल्ली को तहस-नहस करने निकली है भाजपा : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर गुरुवार को आप ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि भाजपा दिल्ली को तहत-नहस करने के लिए बुलडोजर लेकर निकली है। दिल्ली के 63 लाख लोगों को बेघर करने की तैयारी है। आप प्रवक्ता व विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 15 वर्षों से भाजपा शासित एमसीडी ने पहले अवैध निर्माण होने दिए।



अब उसे तोड़कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमसीडी भंग हो चुकी है। हमारी मांग है कि यह तोड़फोड़ की कार्रवाई रुके। दिल्ली में एमसीडी चुनाव हों। दिल्लीवाले नए एमसीडी का गठन करें उसके बाद तय होगा कि क्या कार्रवाई होगी। पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीते 15 दिनों से निगम और दिल्ली पुलिस ने बुलडोजर लेकर अराजक स्थिति पैदा कर दी है। हम भी अनधिकृत निर्माण के खिलाफ हैं। दिल्लीवाले भी नहीं चाहते कि अनधिकृत निर्माण हों। मगर पिछले 15 वर्षों से एमसीडी में भाजपा का शासन है। उसके पार्षद हैं। भाजपा के ही महापौर है। फिर ये अवैध निर्माण, सरकारी जगहों पर कब्जा किसने कराया। साफ है कि कब्जे न हों यह भाजपा की जिम्मेदारी थी, मगर रिश्वत लेकर अधिकारी से लेकर पार्षद तक ने अनधिकृत निर्माण और कब्जे होने दिए। दिल्ली के अंदर 50 लाख की आबादी कच्ची कॉलोनी में रहती है। वह कॉलोनी जब कट रही थी, तब भाजपा शासित एमसीडी को नहीं दिखाई दिया था। निर्माण हुआ तब एमसीडी अधिकारी व पार्षद को नजर नहीं आया। तब पैसे पहुंचे रहे थे तो सब अनदेखा कर दिया। नोटिस तो जारी किए गए मगर कार्रवाई नहीं हुई। अब उसी अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाली 50 लाख की आबादी को बेघर करने की योजना बना रहे हैं। झुग्गी क्लस्टर में रहने वाले 10 लाख लोगों को बेघर करने की योजना बनाई गई है। यही नहीं, डीडीए फ्लैट जिसमें किसी ने बॉलकनी में कुछ बना लिया, इस तरह 3 लाख लोगों पर भी बुलडोजर चलाएंगे। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि हम चाहते है कि जिन पार्षद, अधिकारी या महापौर के कार्यकाल में ये अनधिकृत निर्माण हुए हैं पहले उनपर कार्रवाई होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### मुसाफिर से लूटपाट करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, सुषमा रानी।** पूर्वी जिला की पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया थाना पुलिस ने ऑटो में बिठा कर मुसाफि रो के साथ ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आगरा का रहने वाला जितेन्द्र कुमार दिल्ली आया था।वह आनंद विहार बस स्टैंड के पास किसी कन्वेंश का इंतजार कर रहा था। तभी उसके पास एक ऑटो आया । उसमें एक लड़का पहले से ही बैठा था। जितेन्द्र ने गंगाराम अस्पताल जाने के लिए उसमें बैठ गया। करीब 15मिनट ऑटो चलने के बाद एक सुनसान जगह पर ऑटो चालक ने गाड़ी रोक कर चाकू निकाल कर जितेन्द्र पर तान दिया। पीछे बैठे लड़के ने जितेन्द्र का मोबाइल फोन,पर्स जिसमें 900 रुपए रखें थे और जितेन्द्र का बैग लेकर उसे नीचे उतार दिया। जितेन्द्र ऑटो का नंबर भी नोट नहीं कर पाया। हताश जितेन्द्र किसी तरह अपने गांव लौट आया और ई एफआईआर दर्ज कर ली। मामले की जांच एस आई अमित चौधरी ने शुरू की। पुलिस ने वारदात की जगह के आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की। पुलिस ने सुबूतों के आधार पर गरीब नाथ को गिरफ्तार कर लिया इसके बाद पुलिस ने गरीब नाथ से पूछताछ के आधार पर अमन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल होने वाले ऑटो को भी बरामद कर लिया।

### अवैध पिस्तौल के साथ बदमाश गिरफतार

**नई दिल्ली, सुषमा रानी।** पूर्वी जिला की शकरपुर थाना पुलिस ने एक दस नंबरी बदमाश कोअवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश जाफराबाद इलाके का दस नंबरी बदमाश है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शकरपुर थाने के एस आई जगमाल और कांस्टेबल विकास आपरेशन सुदर्शन के तहत पिकेट लगा कर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्होंने देखा कि एक शख्स को डीडीए पार्क के पास देखा। वो पुलिस को देखकर भागने लगा था।इस पर पुलिस ने भाग कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की पकड़े गए बदमाश की पहचान मोइनुद्दीन के तौर पर हुई,वह जाफराबाद इलाके का बीसी है।पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### जहांगीरपुरी हिंसा मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हनुमान जयंती की शोभायात्रा के दौरान जहांगीरपुरी में पिछले महीने हुई हिंसा के संबंध में एक और शख्स को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि आरोपी की पहचान अब्दुल के तौर पर की गयी है और उसे राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने अभी तक तीन नाबालिगों समेत 37 लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 16 अप्रैल को दिल्ली के जहांगीरपुरी में हनुमान जयंती पर शोभायात्रा के दौरान दो समुदायों के बीच हुई झड़पों में आठ पुलिस कर्मी और एक स्थानीय व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस ने बताया कि झड़पों के दौरान पथराव और आगजनी की गई।

### दिल्ली मेट्रो : वायलेट लाइन पर मेट्रो सेवाएं करीब दो घंटे रहीं प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन के एक खंड पर बृहस्पतिवार को सिग्नल में कुछ तकनीकी खराबी के कारण दो घंटे तक सेवाएं प्रभावित रहीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वायलेट लाइन दिल्ली में कश्मीरी गेट को हरियाणा के राजा नगर सिंह (बल्लभगढ़) से जोड़ती है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सिग्नल प्रणाली में कुछ तकनीकी खराबी के कारण सेवाओं में देरी हुई और प्रभावित हिस्से में सीमित अवधि के लिए ट्रेनें चलाई गईं। डीएमआरसी ने पूर्वाह्न करीब दस बजे ट्वीट किया, कश्मीरी गेट और राजा नाहर सिंह (बल्लभगढ़) के बीच वायलेट लाइन पर सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य। डीएमआरसी ने पूर्वाह्न लगभग 11 बजकर 50 मिनट पर फिर से ट्वीट किया कि मेट्रो लाइन पर सेवाएं सामान्य रूप से शुरू हो गई हैं।

### दिल्ली सरकार ने खुले में कचरा जलाने पर रोक का अभियान 13 जून तक बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण रोकने के लिए खुले में कचरा जलाने पर रोक लगाने के अभियान को बृहस्पतिवार को 13 जून तक के लिए बढ़ा दिया। इस अभियान को 12 अप्रैल को शुरू किया गया था और यह बृहस्पतिवार को समाप्त होने वाला था। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, ह्लइस अभियान के तहत, शहर में कुल 5,241 स्थानों का निरीक्षण किया गया। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने अब तक उल्लंघन करने वाले 21 व्यक्तियों और संगठनों को नोटिस जारी किया है ह्व शहर में खुले में कचरा जलाने से रोकने के लिए दस विभागों ने लगभग 500 दलों को तैनात किया है।

संपादकीय

# बंद करो सर्वे की सियासत

अब विश्व के आश्चर्य ताजमहल का नंबर है। ऐतिहासिक कुतुबमीनार पर भी विवाद छिड़ चुका है और अदालत के विचाराधीन है। भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक 'लालकिला' में भी खुदाई और सर्वे की मांग उभर सकती है। आगरा की खूबसूरत इमारत 'फतेहपुर सीकरी' पर भी अतिवादी सवाल कर सकते हैं। देश की सबसे प्राचीन और भव्य 'मक्का मस्जिद' तेलंगाना के हैदराबाद में है। उसके संपूर्ण सर्वेक्षण की मांग जोर पकड़ सकती है। दरअसल जिस कालखंड के किस्से हमारे सामने आ रहे हैं, वह मध्यकालीन मुगल सल्तनत का दौर था। मुहम्मद गौरी, गजनवी, सुल्तान शाह, शाहजहां और औरंगजेब सरीखे बादशाह आक्रांताओं ने हमारे असंख्य मंदिरों को ध्वस्त किया, उन्हें लूटा, मंदिरों के पुनर्निर्माण कराने वाले राजा-महाराजा भी इतिहास ने देखे हैं अथवा मुस्जिदों को चिनवाया गया।

वह हिंदू संस्कृति और मुगल आतताइयों के दरमियान अस्तित्व के टकराव का भी दौर था। आगरा का 'ताजमहल' विश्व के अद्भुत आश्चर्यों में एक है। वह आज भारत की सांस्कृतिक पहचान और विश्व-धरोहर है। उसे मुगल बादशाह शाहजहां ने बनवाया था अथवा उसकी मूल पहचान 'तेजोमहालय', आदि शिवलिंग के मंदिर, की है, इस पर इतिहासकार ढेरों किताबें लिख चुके हैं। सर्वमान्य तथ्य शाहजहां से जुड़ा है। फिल्में भी बनाई गई हैं। किताबों के निष्कर्ष परस्पर विरोधाभासी भी हैं। मौजूदा सच यह है कि 'ताजमहल' भारत की पहचान और उसका पर्याय है। दुनिया के राष्ट्राध्यक्ष भारत के प्रवास पर आते हैं, तो 'ताजमहल' का सौंदर्य देखने जरूर जाते हैं। वह बेपनाह मुहब्बत की मिसाल भी है। यदि हम भारतीय ही 'ताजमहल' का सच कुरेदते रहेंगे और सवाल, सर्वे का शोर मचाते रहेंगे, तो दुनिया हमारी खिल्ली उड़ाएगी।

हम 'सांस्कृतिक भस्मासुर' करार दिए जा सकते हैं। हम मान लेते हैं कि काशी की ज्ञानवापी मस्जिद के तहखाने और ताजमहल के बंद 22 कमरों में 'आदि शिवलिंग' मौजूद हो सकते हैं। उन्हें 'ज्योतिर्लिंग' भी माना जा रहा है। कुतुबमीनार के परिसर में भी महादेव, गणेश आदि हिंदू देवताओं के खंडित भित्ति-चित्र और प्रतिमाएं मिली हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है। यदि ऐतिहासिक अतीत को कुरेदा जाएगा, तो जख्म ही मिलेंगे। अवशेषों को देखकर आक्रोश भी भड़क सकता है और अवसाद भी महसूस कर सकते हैं। अतीत को इतिहास के हवाले क्यों नहीं छोड़ा जा सकता? अतीत याद दिलाया जाता रहेगा, तो प्रतिशोध की भावना भी पैदा होती रहेगी। उससे क्या हासिल किया जा सकता है? ताजमहल के सौंदर्य को निहारने हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई और यहूदी तक जाते रहे हैं, फिर उसे मुगल आक्रांताओं की लूटपाट, खून-खराबे से जोड़ कर क्यों देखा जा रहा है? आज ज्ञानवापी, मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि, ताजमहल, कुतुबमीनार से लेकर हजरतबल दरगाह तक कोई भी ऐतिहासिक स्मारक स्वरूपा इमारत 'विशुद्ध भारतीय' है। उसका अतीत कुछ भी रहा हो। इस मुद्दे को सिर्फ एक कट्टरपंथी सोच का तबका ही 'हवा' देता रहा है और मंदिर-मस्जिद के विभाजनकारी हालात बनते रहे हैं। ऐसी इमारतों का सम्मान करना चाहिए और विश्व के पर्यटकों के लिए उन्हें सार्वजनिक कर देना चाहिए। देश को राजस्व भी मिलेगा। दरअसल यह हमारी नियति है कि मंदिर-मस्जिद वालों को साथ-साथ ही रहना है। यही विविधता भारतीय है। यह देश भी सभी का है। देश की गली-गली, मुहल्ले-दर-मुहल्ले में मंदिर मौजूद हैं। सनातनी हिंदू उन्हें ही आस्थामय, श्रद्धेय और सुंदर बनाएं। दरअसल अयोध्या का विवाद कुछ भिन्न था। सर्वोच्च अदालत ने उसका समाधान निकाल दिया। तनाव समाप्त हुआ। इसी तरह काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर के जरिए 'महादेव की नगरी' का परिसंस्कार किया जा चुका है। अब मजहबी टकराव यहीं समाप्त हो जाने चाहिए। सर्वे की सियासत भी बंद हो।

## हीट स्ट्रोक



डॉक्टर शरद गौड़
हिन्दू राव अस्पताल, दिल्ली

हीट स्ट्रोक एक ऐसी अवस्था होती है। जिसमें शरीर का तापमान बढ़ जाता है। गरमी में शरीर में पानी और नमक की मात्रा घट जाती है और त्वचा गर्म हो जाती है तथा शरीर का तापमान 104 सेंटीडिग्री से ऊपर चला जाता है।

**लक्षण :-** सिर दर्द, उल्टी, चक्कर आना, बेहोशी, घबराहट, बेचैनी, शरीर में दर्द, त्वचा का सूखापन

**बचाव:-** गर्मी में कम से कम बाहर निकले और अगर बाहर निकलना पड़े तो छाता या टोपी पहनकर निकले, पानी भरपूर पिएँ, तरबूज, नींबू पानी, नारियल पानी का इस्तेमाल करें, लस्सी छाछ आदि ठंडी चीजों का सेवन करें, तला भुना खाना कम खाएं, गर्मियों में ढीले



और सूती कपड़े पहनें, बाहर से आते ही एयर कंडीशन व कूलर की ठंडी हवा में न जाएं और ना ही फ्रीज का ठंडा पानी पिएँ।
हीट स्ट्रोक आने पर अस्पताल जाएं, पैरों को ऊपर की तरफ रखें इससे रक्त का प्रभाव मस्तिष्क तक बना रहेगा, बेचैनी में डफ्र का पानी पिलाए, शरीर गर्म होने पर ठंडे पानी की पट्टी करें।

TITLE CODE:-DELHIN29015

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक मो. अकिलुर रहमान द्वारा आरडी प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड नोएडा से मुद्रित व जे-29, जे-एक्स. गली नं-9, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी प्रकार के विवादित मामलों का निपटारा दिल्ली के न्याय क्षेत्र में ही होगा।
संपादक: मो. अकिलुर रहमान
E-mail : rajnitikdaon@gmail.com
Mob-9560268603

# लंदन से चल रही है पाकिस्तानी सरकार

## (कैबिनेट की मीटिंग लंदन में संचालित)



संजीव ठाकुर



इस्लामाबाद न्यूज एजेंसी डॉन के अनुसार पाकिस्तान में अब तो दो प्रधानमंत्री हो गए हैं, एक शहबाज शरीफ इस्लामाबाद में और दूसरे लंदन में बैठे निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, अपनी नाक सरकार के कामों में डाल रहे हैं' न्यूज एजेंसी के अनुसार विगत दिनों पूरी कैबिनेट की लंदन में जाकर नवाज शरीफ की अध्यक्षता में मीटिंग हुई है जिसमें मुद्रा संकट एवं शासन चलाने के कुछ तौर तरीके नवाज शरीफ अपने छोटे भाई पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सिखा रहे हैं ' पाकिस्तान में इस्लामाबाद तथा लंदन से दो दो प्रधानमंत्री सरकार चला रहे हैं' हास्यास्पद बात यह है कि शहबाज शरीफ हर बात नवाज शरीफ से पूछ ही करते हैं' सरकार गठन के 1 माह बाद भी पाकिस्तान की हालत और नाजुक से नाजुक होती जा रही है। डॉलर के मुकाबले पाकिस्तानी रुपया ड्ट187 आंका जा रहा है' मुद्रास्फीति की हालात बहुत खराब है' रोटी बनाने के लिए आटा 20 किलो का पैकेट 1350 रुपए पहुंच गया है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सुरक्षित जमा के रूप में 3 अरब डॉलर की मदद करने की बात सऊदी अरब में की थी जो उससे अब साफ मुकर गया है' उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले दो वर्षों से मुद्रास्फीति के निचले स्तर पर पहुंच गया है, एवं खाद्य पदार्थों एवं आवश्यक वस्तुओं की महंगाई अपनी चरम सीमा पर है पेट्रोल डीजल में भी 12 और ड्ट13 की वृद्धि कर दी गई है,बिजली के बिलों में 10 से 15% की वृद्धि कर दी गई है। पाकिस्तान के पास खर्चा चलाने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं है' शहबाज शरीफ को विरासत में एक टूटा फूटा ,लंगड़ा पाकिस्तान मिला है, वे प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन तो गए हैं पर अब पाकिस्तान चलाना उनके बस की बात नहीं रही। करेला ऊपर से नीम चढ़ा यह कि उसके सबसे बड़े संरक्षक देश चीन ने भी उस पर कहर ढाना शुरू कर दिया है' पाकिस्तान में विगत दिनों एक विस्फोट में 9 चीनी इंजीनियरों की मौत से वहां तहलका मच गया है और कराची के बलूची हमले से तीन चीनी नागरिकों की मौत से चीन पाकिस्तान से बुरी तरह से नाराज है और उसने पाकिस्तान को खामियाजा भुगतने की चुनौती भी दे दी है। चीन अब किसी भी तरह से पाकिस्तान की मदद करने को तैयार नहीं है उल्टे चीन ने मुआवजे के रूप में अरबों डॉलर की पाकिस्तान से मांग की है। दूसरी तरफ इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ने पाकिस्तान को भविष्य में कर्जा देने से इनकार कर दिया है' अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अधिकारियों का मानना है कि यदि पाकिस्तान को और कर्जा दिया दिया जाएगा तो उसके डूबने के पूरे आसार हैं,क्योंकि पाकिस्तान की भुगतान करने की क्षमता तब एकदम कमजोर हो गई है ऐसे में पाकिस्तान को जो ऋण दिया जाएगा वह निश्चित रूप से डूब जाएगा इन परिस्थितियों में पाकिस्तान असहाय होकर पूरी दुनिया से दोनों हाथ फैलाकर सहायता मांग रहा है' पाकिस्तान के अंदरूनी हालात बहुत खराब हो गए हैं। पाकिस्तान की आवाम महंगाई बेरोजगारी एवं पेट्रोल डीजल के दाम से त्रस्त हो गई है' पाकिस्तान ने सोचा था कि अफगानिस्तान में तालिबानियों की मदद के पश्चात अफगानिस्तान से बड़ी मदद मिल सकती थी किंतु अफगानिस्तान के हालात भी आर्थिक तंगी के कारण बहुत ज्यादा खराब हैं। वहां से मदद न मिलने के पश्चात पाकिस्तान ने अपनी आवश्यक सेवाओं में करो कि बेतहाशा वृद्धि कर दी है। पाकिस्तान में राजनीतिक हालात भी अस्थिर है। सऊदी अरब ने वादा किया है कि वह अन्य मदद के अलावा सऊदी अरेबिया पाकिस्तान को 1.56 और 2 अरब अमेरिकी डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद का खर्च भी उठाएगा तथा इसके अतिरिक्त सऊदी अरब पाकिस्तान के खाते में 3 अरब अमेरिकी डालर जमा करेगी और यह मदद 2023 तक अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यक्रम के समाप्त होते तक जारी रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त सऊदी अरब 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का तेल भी पाकिस्तान को उधारी में देगा। इस तरह पाकिस्तानी एजेंसियों के द्वारा बताया गया की पाकिस्तान की माली हालत सऊदी अरब की मदद से आने वाले समय में दो-तीन वर्षों तक ठीक रहेंगे। सऊदी अरब का पाकिस्तान का समर्थन भी करेगा। पर यदि पाकिस्तान में घरेलू उत्पाद के उत्पादन में इजाफा नहीं हुई तो यह संकट आने वाले समय में और गहरा जाएगा। इमरान सरकार के बाद से पाकिस्तान पूरी तरह कर्जे में डूब चुका है। पाकिस्तान की माली हालत खराब होने के बाद भी पाकिस्तान अपने बड़े बड़बोले पन से बाज नहीं आता है।

# कृतज्ञता एक संस्कार है

### धन्यवाद, साधुवाद, शुक्रिया आदि शब्द कृतज्ञता के सूचक शब्द मात्र ही नहीं अपितु हार्दिक आभार के भार से नमित सुकर्म होते हैं

### कृतज्ञता, संकटकाल में काम आने वाले महानुभावों के चिर ऋणी होने की अभिव्यक्ति है - कृतज्ञता अपने व्यक्तित्व में रखना सम्मान की बात है - एड किशन भावनानी



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

गोंदिया - कुदरत द्वारा सृष्टि की रचना कर उसमें मानव योनि को इस पूरी कायनात का सबसे बड़ा तोहफा, सर्वश्रेष्ठ बुद्धि देकर मानवीय गुणों का सृजन किया है। सकारात्मक मानवीय संस्कारों की झड़ी भी लगा दी है, जिसमें सबसे महत्वपूर्ण गुण मानवीय आचरण है तथा उस आचरण का एक विशेष महत्वपूर्ण अंग है कृतज्ञता!!! यह एक संस्कार है, मानवीय श्रृंगार है, गुणवत्ता, संवेदनशीलता नीवांपन की निशानी है!! यह केवल आभार, धन्यवाद, शुक्रिया,साधुवाद इत्यादि शब्दों का सूचक मात्र ही नहीं है अपितु हार्दिक आभार के भार से नमित सुकर्म होता है!! कृतज्ञता अपने व्यक्तित्व में रखना सम्मान की बात है संकटकाल में काम आनेवाले महानुभावों के ऋणी होने की अभिव्यक्ति भी है

साथियों बात अगर हम कृतज्ञता की इत्र की भांति सुगंधित महक की करें तो, कृतज्ञता वह सुकृत्य है जो व्यक्ति के सुसंस्कृत होने का भान कराती है, साथ ही उसे सामाजिक और सांसारिक भी बनाती है। कृतज्ञता एक संस्कार है। इससे संस्कारित व्यक्ति विनम्रता की मूर्ति होता है! जहां दूसरों की सहायता एवं सेवा करना उत्कृष्ट मानवीय कर्तव्य है वहीं संकट की विषम स्थिति में दूसरों द्वारा अपने प्रति की गई सहायता एवं सेवा के लिए कृतज्ञ व्यक्तित्व अपने हृदय में उसके प्रति विशेष आदर का भाव रखता है। सहृदयता का प्रतिकार वह विनम्र आभार द्वारा चुकाता है। कृतज्ञता मानवता की सर्वोत्कृष्ट विशेषता है। यह हमें आभास कराती है कि प्रत्यक्ष और परोक्ष किसी भी रूप में और कभी भी यदि किसी व्यक्ति ने कोई सहयोग और सहायता प्रदान की है, तो उसके लिए यदि कुछ न कर सके, तो हृदय से आभार अवश्य प्रकट करें।

साथियों वहीं कृतघ्नता इसके विपरीत एक आसुरी वृत्ति है, जो इंसान को इंसानियत से जुदा करती है।कृतज्ञता प्रकट ना करने से आसुरी वृत्ति के भाव उत्पन्न होते हैं जो जीवन की प्रगति और सामाजिक प्रतिष्ठा में भारी बाधा बनते हैं। ऐसे व्यक्ति से उसके निजी संकट के समय में भी उसके अपने और समाज के लोग दूरी बनाए रखते हैं। उसके ऊपर दुखों का पहाड़ टूटने पर भी अपने भी पराए हो जाते हैं इसीलिए कृतज्ञता को अनिवार्यता से रेखांकित करना आज के समय की मांग है!!

साथियों कृतज्ञता अनुग्रहकर्ता के प्रति अनुग्रहीत होने का भाव -ज्ञापन भी है। जहां अनुग्रहकर्ता वंदनीय एवं उसका कृत्य अभिनंदनीय होता है वहीं अनुग्रहीत होकर कृतज्ञता ज्ञापित न करने वाला निंदनीय होता है। कृतज्ञता के ज्ञापन से जहां एक ओर अनुग्रहकर्ता को अपने किए कार्य की महत्ता का ज्ञान एवं उसके कृतज्ञता रूपी प्रतिफल का आनंद प्राप्त होता है वहीं अनुग्रहीत को समय पर सहायता मिल जाने से संकट की विकरालता से मुक्त होने का सुख प्राप्त होता है। इससे दोनों पक्ष लाभान्वित एवं आनंदित होते हैं।

साथियों कृतज्ञता एक महान गुण है। कृतज्ञता का अर्थ है अपने प्रति की हुई श्रेष्ठ और उत्कृष्ट सहायता के लिए श्रद्धावान होकर दूसरे व्यक्ति के समक्ष सम्मान प्रदर्शन करना। हम अपने प्रति कभी भी और किसी भी रूप में की गई सहायता के लिए आभार प्रकट करते हैं और कहते हैं कि 'हम आप के प्रति कृतज्ञ हैं, ऋणी हैं और इसके बदले हमें जब भी कभी अवसर आएगा, अवश्य ही सेवा करेंगे। कुछ लोग संकट काल में काम आने वाले महानुभावों के चिर ऋणी होने की अभिव्यक्ति द्वारा अपने कृतज्ञता संपन्न होने का परिचय देते हैं। कृतज्ञता एक सामान्य शिष्टाचार भी है। कृतज्ञ प्राणी अपने शिष्ट वचनों द्वारा कृपा करने वाले का आभार व्यक्त करता है।

साथियों वह जानता है कि उसकी रत्तीभर की उदासीनता उसे भविष्य में इस प्रकार की कृपा से वंचित कर सकती है।

भविष्य में कष्टमय परिस्थितियों में इसी प्रकार कृपालुओं का सहयोग मिलता रहे, इसलिए इस शिष्टाचार के माध्यम से वह अपने व्यक्तित्व का उज्जवल एवं मानवीय पक्ष समाज के सामने प्रस्तुत करने के साथ ही एक आदर्श एवं प्रेरक उदाहरण भी बनना चाहता है। यह शिष्टाचार उसे सम्मान में सम्मानित नागरिकों की श्रेणी में खड़ा कर देता है।

साथियों बात अगर हम मानवीय गुणों में कृतज्ञता को सर्वश्रेष्ठ गुण मानने की करे तो, मनुष्य के सभी गुणों में कृतज्ञता सबसे महान गुण ही नहीं ,बल्कि सैकड़ों गुणों की जननी भी है। कृतज्ञता का भाव रखने वाला मनुष्य वृक्ष की जड़ में कृतज्ञता रूपी जल डालता है जिससे, वही वृक्ष तरह तरह के नए-नए फूल झ पत्तों से भर जाता है। धन्यवाद से जीवन में खुशियों की नई-नई सुगंध, नए-नए पुष्प और पत्ते स्वयं ही लगने लगते हैं। कृतज्ञता व्यक्ति की जिंदगी में खुशियां लेकर आती है। जरूरत के समय या विषम परिस्थिति , चुनौती के समय किसी के द्वारा की गई छोटी सी सहायता, या सेवा के लिए हृदय में उस व्यक्ति के प्रति आदर भाव रखना, और उसके लिए शुक्रिया अदा करना ही कृतज्ञता कहलाता है।

साथियों यूं तो शुक्रिया का शाब्दिक अर्थ आभार है। आभार के द्वारा हम बड़ी आसानी से अपने सन्मुख व्यक्ति को कृतज्ञता के भाव जाहिर कर अपना ,बना सकते हैं। कृतज्ञता दिव्य प्रकाश है। यह प्रकाश जहां होता है, वहां देवताओं का वास माना जाता है। कृतज्ञता दी हुई सहायता के प्रति आभार प्रकट करने का, श्रद्धा के अर्पण का भाव है। जो दिया है, हम उसके ऋणी हैं, इसकी अभिव्यक्ति ही कृतज्ञता है और अवसर आने पर उसे समुचित रूप से लौटा देना, इस गुण का मूलमंत्र है। इसी एक गुण के बल पर समाज और इंसान में एक सहज संबंध विकसित हो सकता है, भावना और संवेदना का जीवंत वातावरण निर्मित हो सकता है। कृतज्ञता एक पावन यज्ञ है।

अतःअगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कृतज्ञता एक संस्कार है धन्यवाद साधुवाद शुक्रिया आदि शब्द कृतज्ञता के सूचक शब्द मात्र ही नहीं अपितु हार्दिक आभार के भार से नमित सुकर्म होते हैं। कृतज्ञता संकटकाल में काम आने वाले महानुभावों के ऋणी होने की अभिव्यक्ति है। कृतज्ञता अपने व्यक्तित्व में रखना सम्मान की बात है।

# एनीमिया से ग्रसित झारखंड का ग्रामीण क्षेत्र

-अमरेन्द्र सुमन-

एनीमिया रक्त से संबंधित एक ऐसी बीमारी है जो शरीर में आयरन की कमी से होता है. मानव शरीर में जब हीमोग्लोबिन का बनना कम हो जाता है तब शरीर की स्फूर्ति भी धीरे धीरे घटती चली जाती है, परिणामस्वरूप इंसान सुस्त व कमजोर होता चला जाता है. शरीर की क्रियाशीलता घटने से मनुष्य के जीवन की पूरी व्यवस्था ही कमोबेश प्रभावित हो जाती है और वह जीवन और मौत के बीच युद्धरत देखा जाता है. गर्भवती महिलाओं, छोटे-छोटे बच्चों व लम्बे दिनों से बीमार चल रहे इंसानों में अक्सर यह बीमारी देखने को मिलती है. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गर्भवती महिलाओं में एनीमिया होने का अत्यधिक खतरा रहता है. दुनिया भर में 40 फीसदी गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं. वैसे तो गर्भवती महिलाओं में 20 से 30 फीसदी अधिक ब्लड सप्लाई होता है ताकि गर्भ में पल रहे बच्चे को ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके किन्तु ऐसा हमेशा संभव नहीं है.

चिकित्सकों के मुताबिक एनीमिया तीन तरह का होता है-माइल्ड, मॉडरेट व सीवियर. अगर बॉडी में हीमोग्लोबिन 10 से 11 जी/डीएल के आसपास हो तो इसे माइल्ड एनीमिया कहते हैं. यदि हीमोग्लोबिन 8 से 9 जी/डीएल हो तो यह मॉडरेट एनीमिया कहा जाता है, और यदि हीमोग्लोबिन 8 जी/डीएल से कम हो तो इसे सीवियर एनीमिया कहते हैं. सीवियर एनीमिया एक गंभीर स्थिति है, जिसमें मरीज की हालत इतनी बुरी हो जाती है कि उसे खून चढ़ाने की नौबत आ जाती है. उपरोक्त तीनों में से सबसे आम आयरन की कमी से होने वाला एनीमिया है. आंकड़ों के मुताबिक करीब 90 फीसदी लोगों में यही एनीमिया होता है. आयरन की कमी वाला एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें रक्त में पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं की कमी होती है. यह लाल रक्त कोशिकाएं शरीर के ऊतकों में ऑक्सीजन ले जाती हैं. जब आदमी का शरीर पर्याप्त नई रक्त कोशिकाओं का उत्पादन करना बंद कर देता है तो उसकी अवस्था उसे थका हुआ संक्रमण और अनियंत्रित रक्तस्राव के लिए प्रवण छोड़ जाता है. हीमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन ले जाने में सक्षम बनाता है.

वैसे झारखंड में एनीमिया की स्थिति ज्यादातर वैसे क्षेत्रों में देखने को मिलती है जहां गरीबी, अशिक्षा, अंधविश्वास, महिलाओं के प्रति दोहरी मानसिकता, अनावश्यक प्रजनन, आहार की समस्या और उचित संसाधनों का अभाव पाया जाता है. दलित, आदिवासी, अनपढ़ और आर्थिक स्तर पर पिछड़े इलाकों में एनीमिया जैसी बीमारी से प्रतिवर्ष सैकड़ों महिलाएँ, पुरुष व बच्चे असमय ही काल के गाल में समा जाते हैं. आदिवासी बहुल इलाकों में जहां एक ओर खेती और वनोपज पर अधिकांश आबादी की निर्भरता होती है, वहीं दूसरी ओर पौष्टिक भोजन की अपेक्षा दारू, हड़िया जैसे नशीले पेय पदार्थों का सेवन, घर से लेकर बाजार तक की तमाम व्यवस्था में औरतों का अत्यधिक शारीरक श्रम व शिक्षा तथा आय उर्पाजन के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं पर परिवार की निर्भरता भी औरतों और किशोरियों में इस बीमारी के फैलने का एक बड़ा कारण है.

इस संबंध में पटमदा, पूर्वी सिंहभूम में पदस्थापित डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा के अनुसार एनीमिया कई वजहों से हो सकता है. जिसमें लगातार खून बहने की वजह से, शरीर में खून की कमी, फोलिक एसिड, आयरन, प्रोटीन, विटामिन सी और बी 12 की कमी प्रमुख है. डॉ. बेसरा के अनुसार यदि किसी के पारिवारिक इतिहास में ल्यूकेमिया या थैलीसीमिया की बीमारी रही हो तो फिर उस स्थिति में एनीमिया होने के चांस 50 फीसदी तक बढ़ जाते हैं. किसी दुर्घटना में अत्यधिक रक्तस्राव, अल्सर, मासिक धर्म या कैंसर एनीमिया के प्रमुख लक्षण हैं. आसान थकान और ऊर्जा की हानि, असामान्य रूप से तेजी से दिल की धड़कन, व्यायाम के समय सांस की तकलीफ व सिरदर्द, सर चकराना, पीली त्वचा, पैर की मरोड़, अनिद्रा, सरदर्द इसके अन्य प्रमुख लक्षण हैं.

एनीमिया की रोकथाम के संबंध में डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा का कहना है कि उचित आहार का पालन करके आयरन की कमी, विटामिन बी 12 की कमी और विटामिन बी 9 की कमी से होने वाले एनीमिया को रोका जा सकता है. इस बीमारी में पर्याप्त खाद्य पदार्थों के साथ एक संतुलित पौष्टिक आहार शामिल है. पौष्टिक और संतुलित भोजन के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करना होता है कि शुद्ध और पर्याप्त पानी का सेवन किया गया है या नहीं? ये सभी हीमोग्लोबिन के स्तर को काफी हद तक बनाए रखने में मदद करते हैं. डॉ. बेसरा का मानना है कि रक्त परीक्षण न केवल एनीमिया के निदान की पुष्टि करता है, बल्कि अंतर्निहित स्थिति को इंगित करने में भी मदद करता है. पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी), लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या, आकार, मात्रा और हीमोग्लोबिन सामग्री को निर्धारित करती है. रक्त लोहे का स्तर और सीरम फेरिटिन स्तर, शरीर के कुल लोहे के भंडार का सबसे अच्छा संकेत माना जाता है.

झारखण्ड के कई जिलो मे महिलाओं में एनीमिया की समस्या काफी बढ़ गई है. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट- 2021-22 में एनएफएचएस-4 तथा एनएफएचएस-5 के आंकड़ों की तुलना करते हुए बताया गया है कि राज्य के 24 जिलों में से 10 जिलों में सभी आयु की महिलाओं (15-49 वर्ष) में एनीमिया में वृद्धि हुई है. 14 जिलों में युवा महिलाओं (15-19 वर्ष) में एनीमिया में वृद्धि हुई है. हालांकि रिपोर्ट के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव में काफी सुधार हुआ है. रिपोर्ट के अनुसार पश्चिमी सिंहभूम में वर्ष 2015-16 में संस्थागत प्रसव सबसे कम 37 प्रतिशत थी जो वर्ष 2019-21 में बढ़कर लगभग दोगुनी 68 प्रतिशत हो गई है. झारखंड में केवल 1998-99 की अवधि के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में टोटल फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) थोड़ा अधिक था. इसके बाद वर्तमान दौर 2019-21 तक ग्रामीण क्षेत्रों में टीएफआर अधिक है. मेडिकल स्टाफ की झारखंड में कमी आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में स्वास्थ्य में चिकित्सकों, स्टाफ नर्स तथा एएनएम की कमी का भी उल्लेख किया गया है. राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुल 1,023 तथा चिकित्सा पदाधिकारियों के 803 पद रिक्त हैं. राज्य में एएनएम के कुल 2,578 तथा स्टाफ नर्स के 515 पद रिक्त हैं. जो यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था की कमी का प्रमुख कारण है.

राज्य गठन के 21 वर्ष बाद भी झारखंड कुपोषण से पीड़ित है. 15 नवम्बर 2000 को अविभाजित बिहार से अलग होने के बाद इस राज्य के आंतरिक संसाधनों सहित शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक व स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से उन्नत बनाए रखने की बातें तो लगातार की जाती रही, किंतु धरातल पर यह प्रदेश किसी और स्थिति से गुजर रहा है. ताजा राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण के अनुसार, झारखंड के 42.9 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं. यह संख्या देश में सर्वाधिक है. एनीमिया से झारखंड के 69 प्रतिशत बच्चे और 65 प्रतिशत महिलाएं प्रभावित हैं. एनीमिया जैसी समस्या के समाधान की दिशा में किये जा रहे कार्य माताओं, बच्चों व किशोरियों के स्वास्थ्य में सुधार कर कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ सूबे की सरकार ने तीन वर्षीय महाअभियान चला रखी है. अभियान के लिए बनाई गई टीम के माध्यम से घर-घर जाकर पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में कुपोषण से सम्बंधित जानकारी के साथ-साथ एनीमिया से पीड़ित 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों, महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य की जानकारी हासिल करने की व्यवस्था की गई है.

एनीमिया और कुपोषण के लक्षण दिखने पर नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र में रोगी की सघन जांच और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने की व्यवस्था बनाई गई है. गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को आवश्यक उपचार के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र भेजना सरकार की प्राथमिकता सूची में सबसे आगे है. राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय है, लेकिन यह अभी भी लक्ष्य से काफी दूर है. ऐसे में एक ऐसी योजना पर अमल करने की आवश्यकता है जिससे राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों को एनीमिया मुक्त बनाया जा सके, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ्य हो सके.

# शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन बिकवाली का दबाव

## सेंसेक्स 1040 अंक तक लुढ़का



**नई दिल्ली।** कमजोर वैश्विक संकेतों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की ओर से हो रही चौतरफा बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन जोरदार गिरावट का रुख नजर आ रहा है। घरेलू शेयर बाजार ने आज करीब 0.8 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार की शुरूआत की और उसके बाद लगातार गिरता चला गया। बिकवाली के दबाव की वजह से बीएसई के सेंसेक्स ने शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में ही 1,040 अंक तक का गोता लगाया, हालांकि बाद में हुई खरीदारी से इसमें मामूली सुधार की स्थिति बनी।

बाजार में लगातार हो रही बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही सूचकांक कमजोरी का रुख दिखा रहे हैं। हालांकि शुरूआती आधे घंटे के कारोबार के बाद बाजार में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है, जिसके कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कुछ सुधार होता नजर आ रहा है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज निगेटिव ग्लोबल सेंटिमेंट्स के बीच 480.04 अंक की कमजोरी के साथ 53,608.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मंदडियों ने कारोबार पर अपना कब्जा कर लिया, जिसके कारण चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। हालांकि बीच-बीच में मामूली खरीदारी भी होती रही, लेकिन बिकवाली का दबाव लगातार बना रहा। इस चौतरफा बिकवाली के कारण शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में ही सेंसेक्स 1,040.64 अंक टूटकर 53,047.75 अंक के स्तर पर आ गया। हालांकि इसके बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने बाजार को सपोर्ट देने के लिए तेज खरीदारी शुरू कर दी। लगातार हो रही बिकवाली के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी से सेंसेक्स को काफी सपोर्ट मिला और ये सूचकांक धीरे-धीरे ऊपर की ओर चढ़ने लगा। लगातार हो रही खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 919.25 अंक की कमजोरी के साथ 53,169.14 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने आज 146 अंक टूटकर 16,021.10 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार में ही चौतरफा हो रही बिकवाली के दबाव के कारण निफ्टी 319 अंक का गोता लगाकर 15,848.10 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि शेयर बाजार में इस बिकवाली के दौरान भी हल्की फुल्की खरीदारी होती रही, लेकिन विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अपना पैसा निकालने के लिए बिकवाली का दबाव इतना ज्यादा बढ़ा दिया था कि हल्की फुल्की खरीदारी के बावजूद निफ्टी लगातार गिरता चला गया।

हालांकि शुरूआती आधे घंटे तक हुई चौतरफा बिकवाली के बाद घरेलू संस्थागत निवेशकों ने एक्टिव होकर तेज खरीदारी शुरू कर दी, जिससे बाजार को काफी सहारा मिला। इस खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी भी रिकवर करता हुआ नजर आने लगा। लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 302.55 अंक की गिरावट के साथ 15,864.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

निगेटिव ग्लोबल सेंटिमेंट्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेशी निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव बना दिए जाने के कारण आज घरेलू शेयर बाजार ने भी प्री ओपनिंग सेशन में कमजोरी के साथ शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 566.29 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,522.10 अंक के स्तर पर था। वहीं, निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 211.90 अंक की कमजोरी यानी 1.31 प्रतिशत टूटकर 15,955.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

# स्पाइसजेट, एक्सिस बैंक ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया



**नयी दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट और देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े एक्सिस बैंक ने गुरुवार को वीजा द्वारा संचालित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पेश किया है। यह कार्ड ग्राहकों को कई विशेष सुविधाएं और लाभ प्रदान करेगा।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्पाइसजेट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजय सिंह और एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ चौधरी की मौजूदगी में स्पाइसजेट एक्सिस बैंक वॉयेज एवं वॉयेज ब्लैक क्रेडिट कार्डों का अनावरण किया गया। कंपनियों के बयान के अनुसार इन कार्डों से ग्राहक स्पाइसजेट बुकिंग, ऑनलाइन बिल भुगतान, भोजन और मनोरंजन पर खर्च करके अपने दैनिक खर्चों को मुफ्त उड़ानों में बदल सकते हैं। इसके साथ इन कार्डों की मदद से ग्राहक स्पाइस क्लब सिल्वर और गोल्ड-टियर की सीधी सदस्यता ले पाएंगे और इसके शुरू हो जाने पर 4000 रुपये के स्पाइसजेट फ्लाइट वाउचर और 6000 रुपये तक के लाभ दिए जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा, मुझे स्पाइसजेट-एक्सिस बैंक के को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह कार्ड प्रत्येक ग्राहक की यात्रा को और भी अधिक फायदेमंद बना देगा। विशिष्ट ग्राहक अनुभव प्रदान करने के साझा दृष्टिकोण पर स्थापित एक्सिस बैंक के साथ हमारा सहयोग, विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक और नया कदम है। मुझे उम्मीद है कि हमारे ग्राहकों को हमारे साथ जितना अधिक यात्रा करना पसंद आयेगा वो इस लाभप्रद सहयोग के लाभों का उतना ही अधिक आनंद ले सकेंगे। श्री चौधरी ने कहा, हम स्पाइसजेट जैसे ब्रांड के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं, जो विशाल पहुंच और बेजोड़ सेवाओं के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। दोनों टीमें सर्वोत्तम प्रस्तावों और सेवाओं के साथ तालमेल बनाने के लिए मिलकर काम करेंगी, जिससे ग्राहकों और उनके यात्रा अनुभव पर वास्तव में भिन्नता दिखाई देगी।

# उच्चतम न्यायालय का एलआईसी के आईपीओ के तहत शेयर आवंटन पर रोक लगाने से इनकार



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के कुछ पॉलिसी धारकों द्वारा दायर याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने और एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत शेयर आवंटन पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि अदालत को वाणिज्यिक निवेशों और आईपीओ के मामलों में किसी भी तरह की अंतरिम राहत देने से बचना चाहिए। पीठ ने कहा, हम किसी भी तरह की अंतरिम राहत नहीं देना चाहते हैं। हालांकि न्यायालय ने इन याचिकाओं पर केंद्र और एलआईसी को नोटिस जारी करके आठ हफ्ते के भीतर उनसे जवाब मांगा है। एलआईसी का आईपीओ खुदरा और अन्य निवेशकों के लिए चार मई को खुला था और इसके शेयरों का आवंटन बृहस्पतिवार को होना है। पीठ ने कहा कि इनमें से एक याचिका में बंबई उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश को चुनौती दी गई है। न्यायालय ने इसका निस्तारण करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में दायर की गई रिट याचिका शीर्ष अदालत में स्थानांतरित की जाएगी। शीर्ष अदालत ने इन अर्जियों को संविधान पीठ के समक्ष लंबित उस याचिका से जोड़ दिया जो वित्त अधिनियम, 2021 को धन विधेयक की तरह पारित करने के मुद्दे से संबंधित है।

# जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने पारादीप टर्मिनल पर परिचालन शुरू किया

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर ने ओडिशा के 'पारादीप ईस्ट की' कोल टर्मिनल पर वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस टर्मिनल को करीब 1,300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है। सज्जन जिंदल के अगुवाई वाली कंपनी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि पारादीप बंदरगाह पर पूरी तरह से यंत्रीकृत इस टर्मिनल की वार्षिक क्षमता 3 करोड़ टन है। यहां प्रतिदिन 25 रैक उतारी जा सकेगी और दो पोतों पर एक ही साथ लदान भी किया जा सकेगा। जेएसडब्ल्यू इंफ्रा के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण माहेश्वरी ने बताया कि इस कोल टर्मिलन की शुरूआत होने से कंपनी की वर्तमान मालवाहक क्षमता बढ़कर 15 करोड़ टन प्रतिवर्ष हो गई है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम 36वें दिन भी स्थिर




**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की, जिसके कारण लगातार 35वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहें।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के अनुसार दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 104.77 रुपये प्रति लीटर पर मौजूद है।

यूक्रेन तथा रूस के बीच जारी जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में घट-बढ़ जारी है। अंतरराष्ट्रीय लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.26 प्रतिशत गिरकर 106.16 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.28 डॉलर प्रति बैरल की कीमत पर कारोबार कर रहा है।

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। कंपनियों ने 46 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः

| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 105.41 | 96.67 |
| कोलकाता | 115.12 | 99.83 |
| मुंबई | 120.51 | 104.77 |
| चेन्नई | 110.85 | 100.94 |

# केपीटीएल, अनुषंगियों को 4,474 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले

**नई दिल्ली।** कल्पतरु पॉवर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और इसकी अनुषंगियों को 4,474 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। ऊर्जा एवं अवसंरचना क्षेत्र की कंपनी केपीटीएल ने एक बयान में कहा कि उसे और उसकी अनुषंगियों को 4,474 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर मिले हैं। इनमें ऊर्जा पारेषण व्यवसाय के भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले 1,957 करोड़ रुपये के ऑर्डर, भारत और पश्चिम एशिया से मिली 169 करोड़ रुपये की तेल एवं गैस पाइपलाइन परियोजनाएं शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि उसकी अनुषंगी जेएमसी को भारत में 2,193 करोड़ रुपये की जल आपूर्ति परियोजनाएं और दक्षिण भारत में 155 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं मिली हैं।

## मनोरंजन

# बॉलीवुड में अर्जुन कपूर के 10 साल पूरे



बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर इस बात से खुश हैं कि उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में एक दशक पूरा कर लिया है। उनका कहना है कि उद्योग में 10 साल पूरे करना अविश्वसनीय लगता है जहां हर शुक्रवार को भाग्य लिखा जाता है। अर्जुन ने 2012 में इश्कजादे के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की थी और रातोंरात पहचान और प्रसिद्धि पा ली थी। अभिनेता कहते हैं कि मनोरंजन जगत में 10 साल पूरे करना अविश्वसनीय लगता है, जहां हर शुक्रवार को आपका भाग्य लिखा जाता है। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इश्कजादे जैसी पहली फिल्म मिली जिसने मुझे रातोंरात पहचान और प्रसिद्धि दिलाई। उन्होंने आगे कहा कि मैं भाग्यशाली था कि मेरी अगली कुछ फिल्मों ने मुझे सफलता और प्रशंसा दिलाई और मैं उन सभी फिल्म निमार्ताओं का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपनी परियोजनाओं का हिस्सा बनाया है। वे मेरे करियर के निमार्ता हैं और उन्होंने सिनेमा में मेरे सफर को आकार दिया है। अभिनेता का कहना है कि वह अपने शिल्प और उन परियोजनाओं के बारे में एक बेहतर और अधिक से अधिक गंभीर कलाकार बन गए, जिनसे वह जुड़ना चाहते थे। सिनेमा में मेरी यात्रा अपार सीखने की रही है। मेरी सफलताओं और असफलताओं दोनों ने मुझे जमीन से जुड़े रहना सिखाया है और मुझे स्क्रीन पर लगातार खुद को नया रूप देने के लिए प्रेरित किया है। आज, मुझे बहुत अच्छा लगता है कि मुझे एक मुख्यधारा के हिंदी फिल्म नायक के रूप में देखा जाता है साथ ही संदीप और पिंकी फरार, कुत्ते, द लेडी किलर जैसी ऑफ-सेंटर कंटेंट फॉरवर्ड फिल्मों को भी प्रमुखता से शीर्षक दिया है। अर्जुन हमेशा प्रेरणा के स्त्रोत बने रहने और उन पर प्यार बरसाने के लिए अपने प्रशंसकों के आभारी हैं। वे कहते हैं कि मैं एक प्रगतिशील अभिनेता हूं और मुझे पता है कि मैं कहां खड़ा हूं। इसलिए, मैं केवल और अधिक सीखने और स्क्रीन पर और अधिक करने के लिए उत्साहित हूं। मैं आभारी हूं कि मेरे प्रशंसक मेरे लिए प्रेरणा के निरंतर स्त्रोत रहे हैं। वे महान प्रेरक रहे हैं, लगातार मुझे मेरी असफलताओं या सफलताओं से आगे और आगे देखने के लिए कह रहे हैं। अर्जुन के पास इस साल फिल्मों का एक दिलचस्प मिश्रण है। वे कई शैलियों में काम करते हुए दिखाई देंगे। वह मोहित सूरी की एक विलेन 2, आसमान भारद्वाज की कुत्ते और अजय बहल की द लेडी किलर में नजर आएंगे।

# विद्या बालन ने लंदन में शुरू की 'नीयत' की शूटिंग

मल्टी टेलेंटेंड अभिनेत्री विद्या बालन इन दिनों लंदन में हैं। वह वहां अमेजन प्राइम वीडियो की फिल्म 'नीयत' की शूटिंग में व्यस्त हैं। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में अपने पहले प्राइम वीडियो प्रेजेंटस इंडिया इवेंट में अपने इस प्रोजेक्ट का ऐलान किया था। शूटिंग के सेट से पहली तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। शकुंतला देवी, शेरनी और जलसा के बाद एक बार फिर अमेजन-अबुदंतिया-विद्या के साथ 'नीयत' लेकर आ रहे हैं। विद्या बालन इस फिल्म के जरिए शकुंतला देवी के निर्देशक अनु मेनन के साथ एक बार फिर से काम करने जा रही हैं। विद्या बालन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी एक तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें वह फिल्म मेकर्स के साथ 'नीयत' का क्लैप बोर्ड पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। 'नीयत' सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म है। 'नीयत' की आधिकारिक लॉगलाइन में लिखा है- जब अरबपति आशीष कपूर की जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने आए मेहमानों की एक के बाद एक मौत होने लगती है, तब जासूस मीरा राव कातिल के शैतानी इरादों का पता लगाने में जुट जाती हैं... क्योंकि संदिग्ध आशीष कपूर के करीबी दोस्त और परिवार में से कोई है। उल्लेखनीय है कि 'नीयत' के निर्देशक अनु मेनन हैं। फिल्म की कहानी को अनु मेनन, अद्वैत कला और गिरवानी ध्यानी ने मिलकर लिखा है। नीयत के डायलॉग कौसर मुनीर के हैं। फिल्म में विद्या बालन के अलावा राम कपूर, राहुल बोस, मीता वशिष्ठ, नीरज काबी, शाहना गोस्वामी, अमृता पुरी, दीपानिता शर्मा, शशांक अरोड़ा, प्राजक्ता कोली और दानेश रजवी भी होंगे। अभी फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई भी जानकारी सामने नहीं आई है।



# बॉलीवुड में कमबैक करेगी हेलेन

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री हेलेन फिल्म इडस्ट्री में कमबैक करने जा रही है। हेलेन जल्द ही फिल्म इंडस्ट्री में कमबैक कर रही हैं। हेलेन वेब सीरीज में नजर आएंगी। हेलेन 'ब्राउन' वेब सीरीज में नजर आएंगी। यह वेब सीरीज कोलकाता के चहल-पहल वाले शहर पर आधारित है। 'ब्राउन - द फर्स्ट केस' में करिश्मा कपूर मुख्य भूमिका में है। यह वेब सीरीज अभीक बरुआ की बुक 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। इस वेब सीरीज में सूर्य शर्मा भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। हेलेन ने 'ब्राउन' वेब सीरीज में अपने किरदार को लेकर कहा कि जब इसके बारे में पहली बार मुझसे कनेक्ट किया गया तो मेरे लिए ये समझना काफी आसान था। यह ना केवल एक रोमांचक क्राइम ड्रामा है बल्कि मैंने भी किरदार निभाकर अपनी पहचान बनाई है। ऐसे में यह और भी ज्यादा आसान हो गया. मैं सेट पर आने के बाद काफी एन्जॉय कर रही हूं।

# ब्रह्मोस के नए वर्जन का सफलतापूर्वक परीक्षण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान से ब्रह्मोस एयर लॉन्च मिसाइल के विस्तारित रेंज वर्जन का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। विमान से प्रक्षेपण योजना के अनुसार था और मिसाइल ने बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में टारगेट पर सीधा प्रहार किया।

एयरफोर्स ने बताया कि यह एसयू 30 एमकेआई विमान से ब्रह्मोस मिसाइल के विस्तारित रेंज वर्जन का पहला प्रक्षेपण था।

### खासियत

- अब वायुसेना को अब प्रेसिसन स्ट्राइक करने की ताकत हासिल हो गई है। अब वायुसेना जमीन और समुद्र दोनों में लॉन्ग रेंज ऑपरेशन कर सकती है।
- ब्रह्मोस मिसाइल आवाज की गति से लगभग तेज गुना तेजी से चलती है। एक्सटेंडेड वर्जन ब्रह्मोस मिसाइल की रेंज 350 किलोमीटर है जबकि पहले इसकी रेंज 290 किमी हुआ करती थी।
- भारतीय वायु सेना ने बहुत लंबी दूरी पर भूमि/समुद्र के टारगेट पर एसयू-30 एमकेयू विमान से सटीक हमले करने की क्षमता हासिल कर ली है।
- भारतीय वायु सेना, भारतीय नौसेना, डीआरडीओ,बीएपीएल और एचएएल के साझा प्रयासों ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए राष्ट्र कक्षमता को साबित किया है।
- एसयू 30 एमकेआई विमान के उच्च प्रदर्शन के साथ एयर लांच ब्रम्होस मिसाइल की विस्तारित रेंज क्षमता भारतीय वायु सेना को एक रणनीतिक बढ़त देगी।

# रास चुनाव की 57 सीटों के लिए मतदान का ऐलान

## मप्र की तीन सीटों सहित 15 राज्यों में 10 जून को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली/ भोपाल , (एजेंसी)।** राज्यसभा की 57 सीटों के लिए चुनाव की तारीख का एलान कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि जून और अगस्त के बीच अलग-अलग तारीखों पर सेवानिवृत्त हुए सदस्यों की वजह से खाली हुई सीटों पर चुनाव कराने का फैसला किया गया है। इसके लिए 15 राज्यों की 57 राज्यसभा सीटों को भरने के लिए 10 जून को चुनाव कराए जाएंगे।

मध्य प्रदेश में तीन राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल 29 जून में खत्म हो रहा है, इनमें भाजपा के एमजे अकबर, संपतियां ऊइके और कांग्रेस के विवेक तन्खा शामिल हैं। फिलहाल मध्य प्रदेश में राज्यसभा की 11 सीटें हैं, इनमें से आठ पर भाजपा और तीन सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। मप्र विधानसभा में सदस्यों की मौजूदा संख्या के हिसाब से भाजपा को दो और कांग्रेस को एक सीट मिलेगी।

भाजपा की तरफ से दलित और ओबीसी चेहरे को राज्यसभा में भेजे जाने की चर्चा है, सूत्रों की मानें तो लाल सिंह आर्य, कविता पाटीदार का नाम सामने आ रहा है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के भी मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजे जाने की चर्चा है। हालांकि अब तक किसी भी नाम पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं कांग्रेस में भी राज्यसभा सीट पर मंथन शुरू हो गया है।

सूत्रों की मानें तो कांग्रेस एक बार फिर विवेक तन्खा को राज्यसभा भेज सकती है, क्योंकि वह प्रदेश का ब्राह्मण फेस होने के साथ ही कश्मीरी पंडित भी हैं और कानून के बड़े जानकार हैं। इसके अलावा निमाड़ के बड़े नेता और ओबीसी चेहरा अरुण यादव , पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक सिंह का नाम भी दावेदारों की सूची में शुमार है।

### यूपी में 11 सीटें

उत्तर प्रदेश में 11 सीटें खाली हो रही हैं। वहीं, तमिलनाडु-महाराष्ट्र से छह-छह, बिहार से पांच, आंध्र प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक से चार-चार सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मध्य प्रदेश-ओडिशा से तीन-तीन, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, पंजाब, झारखंड और हरियाणा से दो-दो और उत्तराखंड से एक सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### ये होंगे सेवानिवृत्त

सेवानिवृत्त होने वालों में प्रमुख नेताओं में केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी, कांग्रेस नेता अंबिका सोनी, जयराम रमेश, कपिल सिब्बल और बसपा नेता के सतीश चंद्र मिश्रा शामिल हैं। ये सभी 21 जून से एक अगस्त के बीच सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### 24 मई को जारी होगी अधिसूचना

मतदान की अधिसूचना 24 मई को जारी की जाएगी और मतदान 10 जून को होगा। मौजूदा परंपरा के मुताबिक, मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद मतगणना होगी। निर्वाचित होने वाले अधिकांश नए सदस्यों के जुलाई में किसी समय होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने की संभावना है।

# धर्मांतरण के खिलाफ अध्यादेश लाएगी कर्नाटक सरकार : बोम्मई

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार धर्मांतरण के खिलाफ अध्यादेश लाएगी। श्री बोम्मई ने यहां संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा का सत्रावसान हो चुका है। हम अध्यादेश के जरिए धर्मांतरण के खिलाफ कानून लाने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेलगावी सत्र के दौरान विधानसभा में पारित हुए विधेयक में जबरन धर्मांतरण के लिए सजा और जुर्माना का प्रावधान है। इस विधेयक में धर्मांतरण करवाने वाले और इसकी चाहत रखे वाले को दो माह पूर्व उपायुक्त के समक्ष आवेदन दाखिल करने प्रावधान है। इसमें यह भी कहा गया है कि जो लोग धर्मांतरण कर रहे हैं उन्हें अपने मूल धर्म और इससे जुड़ी सुविधाओं या लाभों से हाथ धोना होगा। इस बिल में शादी व प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण पर रोक लगाने का प्रस्ताव है।

### बिल में जबरन धर्मांतरण पर सजा व जुर्माना

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी 16 मई को नेपाल के लुम्बिनी जाएंगे



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 मई को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नेपाल के लुम्बिनी जायेंगे । विदेश मंत्रालय ने 3 को यह जानकारी दी । वदेश मंत्रालय से जारी एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी नेपाल के अपने समकक्ष शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर 16 मई को लुम्बिनी जाएंगे । वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पांचवी नेपाल यात्रा होगी। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री लुम्बिनी में मायादेवी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। उनका नेपाल सरकार के तहत आने वाले लुम्बिनी विकास ट्रस्ट द्वारा बुद्ध जयंती के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। इसके अलावा प्रधानमंत्री वहां प्रस्तावित बौद्ध संस्कृति एवं धरोहर केंद्र के शिलान्यास समारोह में भी हिस्सा लेंगे ।

### समस्तीपुर के स्कूल में चली गोली, शिक्षक घायल

**समस्तीपुर, (एजेंसी)।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के धर्मपुर स्थित हाई स्कूल परिसर में गुरूवार को दिन-दहाड़े असामाजिक तत्वों की ओर से चली गोली में शिक्षक बिरजू राम गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आपसी विवाद को लेकर स्कूल परिसर में दो गुटों ने एक दूसरे पर गोलीबारी की। इस दौरान मौके पर मौजूद शिक्षक बिरजू राम को गोली लग गई जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गए। घायल शिक्षक को समस्तीपुर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इधर, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ मूल्यांकन परिषद् के प्रदेशध्यक्ष शाहजफर इमाम ने इस घटना की तीव्र निंदा करते हुए घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### डीएस चौहान को उप्र डीजीपी का प्रभार

**लखनऊ, (एजेंसी)।** उप्र सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक पद मुकुल गोयल को स्थानांतरित किये जाने के एक दिन बाद गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी देवेन्द्र सिंह चौहान को पुलिस महानिदेशक पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। राज्य के अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी आदेश के अनुसार चौहान को पुलिस महानिदेशक पद पर स्थायी नियुक्ति होने तक इस पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। चौहान अभी उप्र पुलिस की अभिसूचना इकाई के पुलिस महानिदेशक हैं। राज्य सरकार ने बुधवार को पुलिस महानिदेशक पद से गोयल का स्थानांतरण कर उन्हें पुलिस महकमे की नागरिक सुरक्षा इकाई के महानिदेशक पद पर तैनात किया था।

### आज का इतिहास

- 1643 : चिली में आए विनाशकारी भूकंप में सेंटियागो की एक तिहाई आबादी खत्म हुई।
- 1648 : दिल्ली में लाल किले का निर्माण पूरा हुआ।
- 1830 : इक्वाडोर गणराज्य की स्थापना, जुआन फ्लोरेंस पहले राष्ट्रपति बने।
- 1846 : अमेरिका और मैक्सिको के बीच टैक्सास को लेकर तनाव के बीच कांग्रेस ने किया युद्ध का ऐलान किया।
- 1905 : भारत के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद का जन्म।
- 1952 : स्वतंत्र भारत में संसद का पहला सत्र बुलाया गया।
- 1960 : मैक्स इसेलीन के नेतृत्व में एक खोजी दल हिमालय में धौलागिरी पर्वत शिखर पर पहुंचा।
- 1962 : सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के दूसरे राष्ट्रपति बने।
- 1978 : देश का पहला ध्वजवाहक जहाज आईएनएस दिल्ली सेवामुक्त हुआ।

## कोरोनाकाल में ब्लैकलिस्ट 3500 लोगों को सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

# तबलीगी जमात में शामिल हुए विदेशी नागरिकों को वीजा देंगे

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि भविष्य में अगर तबलीगी जमात के लोग दोबारा वीजा के लिए आवेदन करते हैं तो कानून के मुताबिक उनके वीजा आवेदन पर फैसला लेगा केंद्र**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कोरोनाकाल में ब्लैकलिस्ट किए गए तबलीगी जमात के विदेशी नागरिकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अब इन विदेशियों को वीजा मिलने में आसानी होगी।कोरोनाकाल में भारत सरकार के दिशानिर्देश का पालन न करने के लिए करीब 3500 लोगों को ब्लैकलिस्ट किया गया था। ये सभी विदेशी नागरिक थे, जो तबलीगी जमात के सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आए थे। भारत सरकार द्वारा ब्लैकलिस्ट किए जाने का मतलब ये है कि इन्हें दोबारा भारत का वीजा मिलना मुश्किल होता, लेकिन गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि इनको वीजा देने के लिए भारत सरकार ब्लैकलिस्ट किए जाने को नजरंदाज करेगी यानी कि ब्लैकलिस्ट किया जाना बेमायने होगा।

**वीजा के लिए दोबारा कर सकते हैं अपील :** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया कि भविष्य में अगर तबलीगी जमात के लोग दोबारा वीजा के लिए आवेदन करते हैं तो सरकार कानून के मुताबिक, उनके वीजा आवेदन पर फैसला लेगी। जस्टिस ए एम खानविलकर, जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस जे बी पारदीवाला की बेंच ने ये फैसला सुनाया है।

### सॉलिसिटर जनरल ने दिया आश्वासन

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि अगर किसी विदेशी नागरिक को बरी कर दिया गया है तो उसे वापस यात्रा करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। अगर कोई दिक्कत आती है तो खुद उनका दफ्तर ऐसे लोगों की मदद करेगा।




### दिल्ली में हुआ था मरकज

बता दें कि दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित तबलीगी जमात के कार्यक्रम को कोरोना वायरस को फैलाने वाला बड़ा क्लस्टर माना गया था। इस कायक्र म में हिस्सा लेने वाले लोगों के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में केस दर्ज किए गए थे। उन पर आरोप थे कि लॉकडाउन की बंदिशों के बावजूद वो विभिन्न मस्जिदों में गए और लोगों से मिले थे।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने नाटो के आवदेन का समर्थन किया

# फिनलैंड नाटो सदस्य बनने करेगा आवेदन

**हेल्सिंकी, (एजेंसी)।** फिनलैंड के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि उनका देश उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के लिए आवेदन देने का समर्थन करता है, जिससे यूक्रेन में रूस के आक्रमण के बीच गठबंधन के विस्तार का रास्ता साफ हो गया है। देश के राष्ट्पति सौली नीनिस्टो और प्रधानमंत्री सना मरीन की इस घोषणा का मतलब है कि फिनलैंड ने नाटो की सदस्यता लेने का अब पूरी तरह मन बना लिया है।



हालांकि आवेदन प्रक्रिया शुरू होने से पहले कुछ कार्रवाई अभी बाकी हैं। यह फैसला रूस के लिए चिंताजनक हो सकता है जो नाटो के पूर्व में विस्तार का विरोध करता आया है। पड़ोसी देश स्वीडन भी आने वाले दिनों में नाटो में शामिल होने पर फैसला कर सकता है। नीनिस्टो और मरीन ने एक संयुक्त बयान में कहा, %अब जब फैसला करने की घड़ी नजदीक आ गई है, हम संसदीय समूहों और राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए हमारे समान विचार साझा कर रहे हैं।

**दोगुनी हो जाएगी रूस के साथ नाटो की सीमा:** उन्होंने कहा नाटो के सदस्य के तौर पर, फिनलैंड पूरे रक्षा गठबंधन को मजबूत करेगा। फिनलैंड को बिना किसी देरी के नाटो की सदस्यता हासिल करने के लिए आवेदन देना चाहिए। बयान में कहा गया कि हम उम्मीद करते हैं कि इस निर्णय को अंजाम तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई आने वाले कुछ दिनों में जल्द से जल्द पूरी की जाएगी। अगर फिनलैंड नाटो में शामिल होता है तो रूस से लगने वाली नाटो सीमा दोगुनी से अधिक हो जाएगी।

### स्वीडन-फिनलैंड नाटो को करेंगे मजबूत

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अगर यूक्रेन युद्ध से पहले नाटो का हिस्सा होता तो कोई युद्ध नहीं होता। यूक्रेन, जॉर्जिया और हर्जेगोविना के विपरीत फिनलैंड और स्वीडन के औपचारिक रूप से आवेदन के बाद अपेक्षाकृत तेज़ी से गठबंधन में शामिल होने की उम्मीद है। स्वीडन के पास यूरोप में सबसे मजबूत वायु सेना है। अगर स्वीडन और फिनलैंड नाटो में शामिल होते हैं तो ये बाल्टिक क्षेत्र में नाटो की उपस्थिति को नाटकीय रूप से मजबूत करेंगे।

# उत्तर कोरिया ने दागीं तीन बैलिस्टिक मिसाइलें

**टोक्यो ■ एजेंसी**



उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कम दूरी की तीन बैलिस्टिक मिसाइलें पूर्वी सागर की ओर दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह जानकारी दी।

उत्तर कोरिया ने ये बैलिस्टिक मिसाइलें श्री यूं सुक-योल के दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के दो दिन बाद दागी हैं। श्री यूं ने उत्तर कोरिया को परमाणु मुक्त बनाने का आव्हान किया था। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि प्योंगयान के सुनन क्षेत्र से प्रक्षेपण किए जाने का पता लगा है। 'योनहाप' समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, यह प्रक्षेपण उन अटकलों के बावजूद आया कि उत्तर अपने हथियारों के परीक्षण को धीमा कर सकता है, क्योंकि उसके देश में कोविड -19 का पहला मामला गुरुवार को ही सामने आया है जिसे उसने देश के सबसे गंभीर आपातकालीन घटना बताया है।

### यूं सुक-योल के द. कोरिया के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद दागी

### भारत ने किया उत्तर कोरिया से जुड़े परमाणु और मिसाइल तकनीक के प्रसार पर रोक का आह्वान

**संयुक्त राष्ट्र, (एजेंसी)।** भारत ने कहा है कि उ. कोरिया से संबंधित परमाणु व मिसाइल प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है, क्योंकि इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यूएन में भारत के स्थायी मिशन के काउंसलर मधुसूदन ने यूएन में उ कोरिया के नवीनतम मिसाइल लॉन्च पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि उसके द्वारा किया गया मिसाइल लॉन्च परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है। श्री मधुसूदन ने कहा कि भारत सात मई को उ. कोरिया द्वारा एक और मिसाइल लॉन्च की रिपोर्ट पर भी नजर रखे हुए है। यह मिसाइल मार्च में किए इंटरकांटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च और ऐसे ही अन्य कई प्रक्षेपणों के बाद लॉन्च की गई है। वहीं उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिबंधों पर अमेरिकी मसौदा प्रस्ताव का चीन समर्थन नहीं करेगा।

# चालू वित्त वर्ष में बनेंगे 18000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग : गडकरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में व्यापक स्तर पर ढांचागत विकास के लिए काम चल रहा है और चालू वित्त वर्ष (2022-23) तक 18 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है। श्री गडकरी ने ट्वीट कर कहा कि नए भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है और चालू वित्त वर्ष के आखिर तक 18 हजार किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गो का विकास रिकार्ड 50 किलोमीटर प्रति दिन की गति से किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देश में 2025 तक दो लाख किमी राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को विकसित करने का लक्ष्य है। उनका कहना था कि सरकार का इस बात पर पूरा ध्यान केंद्रित है कि देश में विश्व स्तरीय सड़कों का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

केंद्रीय मंत्री ने ढांचागत विकास को देश को मजबूती प्रदान करने का माध्यम बताया और कहा कि यदि हमें 'आत्मनिर्भर' भारत का निर्माण करना है तो बेहतर सड़कों का विकास 'आत्मनिर्भर भारत' की 'आत्मा' के रूप में काम करेगा।

# उमरे अफसरों ने किया डीएफसीसीआईएल के रूमा- सुजातपुर खंड का निरीक्षण किया

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** उमरे वरिष्ठ अफसरों ने गुरुवार को डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीएफसीसीआईएल के द्वारा तैयार किए गए सेक्शन रूमा से सुजातपुर खंड का निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे अफसरों ने सिविल इंजीनियरिंग कार्यो का निरीक्षण किया, सिंगलिंग कार्यो का भी निरीक्षण किया ,विद्युत कार्य का भी निरीक्षण किया और बने हुए रूमों का भी निरीक्षण किया स्पीड ट्रायल का भी निरीक्षण किया। स्पीड ट्रायल रूमा से सुजातपुर तक 100 किमी प्रति घंटे की गति से संचालित किया गया और रूमा से सुजातपुर तक की दूरी 1.45 घंटे में पूरा किया गया। इस दौरान उमरे के मुख्य संरक्षा अधिकारी आर के गुप्ता, उमरे के मुख्य पथ इंजीनियर एक के ददरिया, उमरे के मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर संजीव कुमार, उमरे के मुख्य संकेत एवं दूर संचार इंजीनियर संजय दीक्षित एवम डीएफसीसीआईएल के ईडी जीडी भगवानी एवं जीजीएम मुकेश जैन, सीजीएम ओमप्रकाश, जीएम सह अनुराग यादव एवं जीएमआर ग्रुप के परियोजना निदेशक राज सिंह टाक मौजूद रहे।

# लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा मजबूत करें : लोकसभा अध्यक्ष बिरला

**ईटानगर (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोगों की सहभागिता बढ़ाए जाने तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को और संवेदनशील बनाये जाने की जरूरत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि ऐसा करने से लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का भरोसा मजबूत होगा।



यहां अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में दोरजी खांडू सभागार में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ(सीपीए) के भारतीय क्षेत्रीय ज़ोन की तीसरी बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज हमारे लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि किस तरह से पूरी क्षमता के साथ सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और विधिक माहौल तैयार किया जाए कि समाज का हर हिस्सा शासन प्रक्रिया में भागीदारी कर पाये। लोग संसद, विधानसभा और पंचायतों का हिस्सा बनें। हमारा ध्यान मुख्य रूप से निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर साथ ही इन संस्थाओं को लोगों की परेशानियों के प्रति और संवेदनशील बनाने पर होना चाहिए ताकि लोगों का लोकतांत्रिक संस्थाओं में भररोसा और मजबूत हो सके।

### उप्र के मदरसों में राष्ट्रगान अनिवार्य

**लखनऊ, (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में बृहस्पतिवार से रोजाना राष्ट्रगान का गायन अनिवार्य कर दिया गया। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार एसएन पांडे ने गत नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस बारे में आदेश जारी किया। पांडे ने आदेश में कहा है कि पिछली 24 मार्च को बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुरूप नये शिक्षण सत्र से सभी मदरसों में प्रार्थना के समय राष्ट्रगान अनिवार्य कर दिया गया है। पांडे ने बताया कि रमजान माह के दौरान मदरसों में 30 मार्च से 11 मई तक अवकाश घोषित था और 12 मई से नियमित कक्षाएं शुरू हुईं लिहाजा यह आदेश आज से लागू हो गया है।

**कवायद** उदयपुर में पार्टी के चिंतन शिविर में शामिल होंगे दिग्गज

# राहुल गांधी ने दिल्ली से पकड़ी ट्रेन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी गुरुवार को उदयपुर में पार्टी के चिंतन शिविर में शामिल होने के लिए ट्रेन से रवाना हुए। राहुल गांधी जब दिल्ली के सराय रोहिल्ला स्टेशन पहुंचे तो तो वहां कार्यकर्ताओं का हुजूम जुट गया। कुली एसोसिएशन ने राहुल गांधी का स्वागत भी किया। उनके प्रतिनिधिमंडल ने अपनी चिंताओं को भी विपक्ष के नेता के सामने रखा। कांग्रेस के शीर्ष स्तर के नेता इस शिविर में हिस्सा ले रहे हैं। लोकसभा के दो चुनाव और हालिया यूपी चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस के इस चिंतन मंथन को बेहद अहम माना जा रहा है। राहुल गांधी को दोबारा पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने की मांग भी इस सम्मेलन में उठ सकती है।



कांग्रेस के समक्ष मौजूदा संकट से निपटने के लिए राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक के संगठन में व्यापक सुधार एवं समयबद्ध बदलाव और ध्रुवीकरण की राजनीति से निपटने जैसे मुद्दों पर 'चिंतन शिविर' में मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। पार्टी स्पष्ट संदेश देगी कि वह इन मुद्दों पर आगे क्या करने जा रही है। पार्टी के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि उदयपुर में 13-15 मई को होने जा रहे इस चिंतन शिविर में जो 'नवसंकल्प' दस्तावेज जारी होगा, वह आगे के कदमों की घोषणा (एक्शनेबल डिक्लियरेशन) होगा। इसमें यह संदेश भी दिया जाएगा कि राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन के लिए 'मजबूत कांग्रेस' का होना जरूरी है तथा गठबंधन से पहले कांग्रेस को मजबूत किया जाना महत्वपूर्ण है।

### कांग्रेस ऐसी धुरी जिसके इर्द-गिर्द भाजपा गठबंधन बनता है : पायलट

**उदयपुर (राजस्थान), (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस एक ऐसी 'धुरी' है, जिसके इर्द-गिर्द भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विरोधी गठबंधन बनता है और पार्टी को आगे भी यह धुरी बने रहना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 2024 के आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग का मुकाबला करने के लिए ''संप्रग प्लस प्लस'' का गठन सबसे बेहतर विकल्प है। पार्टी का 'चिंतन शिविर' शुरू होने से पहले पायलट ने एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि इस तीन दिवसीय शिविर में सफल चुनावी रणनीति बनाने पर प्रमुखता से चर्चा की जाएगी।

# रिकार्ड 13 करोड़ में ओंगल नस्ल की गाय बिकी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** चौंकिये मत ...भारतीय नस्ल की एक गाय रिकार्ड 13 करोड़ रुपए में बिकी है । केंद्रीय पशु पालन, मत्स्य पालन एवं डेयरी मंत्री पुरषोत्तम रुपाला ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ब्राजील में भारतीय ओंगल नस्ल की एक गाय 13 करोड़ रुपए में बिकी है, जो चौकाने वाली है । उन्होंने कहा कि इसी सप्ताह गाय की बिक्री हुई है । शाहीवाल कांकरेज और कई अन्य नस्लों की गाय विदेशों में है जो भारी मात्रा में दूध देती है ।

श्री रुपाला ने कहा कि भारतीय नस्ल की दुधारु पशुओं की विशेषताओं को लेकर किसानों तथा पशु पालकों को जागरुक किए जाने की जरुरत है। भारतीय नस्लों के पशुओं में नस्ल सुघार के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं और इनमें से कई के बेहतर परिणाम भी सामने आने लगे हैं।

ओंगल नस्ल की गाय मूल रुप से आंध्रप्रदेश के प्रकाशम जिले की है । यह नस्ल 'मुंह पक खूर पक' और 'मैड काऊ' रोग प्रतिरोधी है जिसके कारण दुनिया भर में इसकी लोकप्रियता है । शक्तिशाली और आक्रामक गुणों के कारण इस नस्ल का उपयोग पूर्वी अफ्रीका और मैक्सिको 'बुलफाइट' में भी किया जाता है ।

अमेरिका, नीदरलैंड , मलेशिया , ब्राजील , कोलम्बिया, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, आस्ट्रेलिया, फिजी, मारिशस तथा कई अन्य देशों में ओंगल नस्ल की गायें पाई जाती है ।

# प्रयागराज मंडल ने टिकट चैकिंग आय में बनाया नया कीर्तिमान

### 5,279 यात्रियों से जुर्माना स्वरुप रु.36.28 वसूले

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** बुधवार प्रयागराज मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर चला चला विशेष टिकट चैकिंग अभियान,अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए केवल एक दिन में में बिना टिकट, अनियमित यात्रा बिना बुक लगेज, गंदगी फैलाने, अनाधिकृत वैंडरों,मास्क न धारण करने वाले तथा धूम्रपान करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई करते हुए 5,279 यात्रियों से जुर्माना स्वरूप रु.36.28 लाख रेल राजस्व की वसूली की गई। जो प्रयागराज मण्डल में एक दिन का सर्वाधिक रेल राजस्व के रूप में टिकट चैकिंग के द्वारा वसूल कीगई राशि है। मंडल के टिकट चैकिंग कर्मचारियों द्वारा कार्य के प्रति समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण ही प्रयागराज मण्डल मंडल टिकट चैकिंग से रिकॉर्ड अर्निंग प्राप्त कर सका है।

### वायु सेना का सार्जेंट जासूसी के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** वायु सेना के एक सार्जेंट को रक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी अपने आकाओं को देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार वायु सेना के इस सार्जेंट को सोशल मीडिया पर हनीट्रैप में फंसाया गया था जिसके बाद से यह अपने आकाओं के साथ संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। गिरफ्तार किए गए सार्जेंट से सैन्य खुफिया विभाग तथा दिल्ली पुलिस के अधिकारी संयुक्त रूप से पूछताछ कर रहे हैं।

# मौसम नहीं, आपका अंदाज रहेगा हॉट





गर्मी शुरू होते ही कई समस्याएं भी सामने आने लगती हैं। पसीना, घमौरियां और टैनिंग से बचने के लिए लड़कियां सबसे पहले अपने पहनावे में बदलाव करती हैं, लेकिन वह अपना स्टाइल जरा भी कम नहीं होने देतीं। इस बार गर्मी में फ्लोरल प्रिंट से लेकर शॉर्ट्स, कैपरी लुक पसंद किया जा रहा है। फंकी लुक के साथ ही अलग-अलग स्टाइल की कुर्ती भी लड़कियों ने अपने कलेक्शन में शामिल की हैं। इन दिनों कौन सा स्टाइल हिट है, यह जानने के लिए माधुरी सेंगर कॉलेज गर्ल्स से मिलीं। इन स्टाइलिश कुड़ियों से मिलकर लगा कि

## कैपरी अब भी हिट



कैपरी आॅउट ऑफ ट्रेंड है, यह कहना सही नहीं होगा। इस बार भी गर्मी के मौसम में कैपरी और ऑफ शोल्डर का ट्रेंड देखा जा रहा है। अंब्रेला टॉप के साथ प्लेन कैपरी कॉलेज जाने वालीं लड़कियों के लिए परफेक्ट लुक है। कॉलेज स्टूडेंट निविका कहती हैं कि जिसमें आप आरामदायक महसूस करें, वही ट्रेंड है। कैपरी कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए परफेक्ट है। वहीं, इस बारे में साक्षी बताती हैं कि इसमें डेनिम लुक दिया जाए और लॉन्ग टॉप के साथ कैरी करें तो स्टाइल हटकर हो जाता है। कॉलेज में होने वाली किसी छोटी पार्टी के लिए भी यह लुक बेस्ट है। बारिश के दिनों में भी कैपरी पहनना आरामदायक रहता है।

## हाफ जंपसूट का ट्रेंड इन

फुल जंपसूट का ट्रेंड पिछले साल रहा। इसमें प्रिंटेड से लेकर डबल कलर में जंपसूट दिखे। खुशी बताती हैं कि लाइट कलर में हाफ जंपसूट इस बार ट्रेंड में है। इसे स्पोर्टी लुक देना हो तो आप शूज पहन सकते हैं। खुशी ने बताया कि जंपसूट पर कट शोल्डर इसे ग्लैमरस लुक भी देते हैं। इसमें कई ब्रिटिश कलर भी आजकल मार्केट में नजर आ रहे हैं। हाफ जंपसूट आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी देते हैं।

## डंगरी ड्रेस से फंकी लुक

डंगरी के साथ समर कूल टी-शर्ट फंकी लुक देती है। आईटीएस स्टूडेंट प्रिया कहती हैं कि इसका एक लॉक ओपन किया जाए तो यह फंकी लुक आकर्षक है। आजकल रफ डंगरी का भी चलन है, लेकिन उसके साथ प्लेन टॉप ठीक रहता है। इसी डंगरी को पार्टी में पहनना हो तो शिमर टॉप के साथ कैरी कर सकते हैं। डंगरी लुक से फैट भी नहीं दिखता। इसी कारण डंगरी पहनना सभी लड़कियां पसंद करती हैं।

## कॉटन गाउन है आरामदायक



साहिबाबाद में रहने वालीं प्रतीक्षा बताती हैं कि फुल बॉडी कवर करनी हो और कुछ ट्रेंडी लुक भी चाहिए तो लॉन्ग कॉटन गाउन से अच्छा कुछ नहीं है। इससे गर्मियों में पैरों पर टैनिंग का खतरा दूर हो जाता है। प्रतीक्षा कहती हैं कि गर्मी में प्रिंटेड गाउन अच्छा लुक देते हैं। इसमें स्ट्रैप्स का सही चुनाव किया जाए तो कम हाइट की लड़कियां लंबी भी दिखती हैं। कॉटन का गाउन गर्मियों में कैरी करना आसान रहता है। वहीं यह सस्ते रेट पर भी मिल जाते हैं। ऐसे में आप इन गाउन का अच्छा कलेक्शन रख सकती हैं।

## सही फैब्रिक का चयन करें



गर्मियों में फैब्रिक का चयन सही न हो तो शरीर पर खुजली होने लगती है। गर्मियों के लिए बेस्ट फैब्रिक लिनेन होता है, जो पसीना अच्छे-से सोख लेता है और ठंडक देता है। जॉर्जेट शिफॉन महिलाओं के लिए बेस्ट है। इससेबने कुर्ते व साड़ियां पहनना अच्छा रहता है। वहीं खादी ऐसा फैब्रिक है, जो मौसम के हिसाब से खुद को ढाल लेता है। कुल मिलाकर ढीलेढाले कपड़े गर्मी में आरामदायक रहते हैं।

# गर्मियों की छुट्टियों में फैमिली संग जाने के लिए बेहतरीन हैं ये डेस्टिनेशन्स

गर्मी की छुट्टियां आने वाली हैं। बच्चों की जिद होती है कि ऐसी जगह घूमने चलें जहां वो एन्जॉय कर पाएं। तो वहीं पत्नी चाहती है कि डेस्टिनेशन ऐसा हो जहां समंदर के किनारे खूब मस्ती भी हो जाए और मन भर के शॉपिंग भी। आप चाहेंगे कि नेचर के करीब या किसी हेरीटेज साइट पर जाकर इतिहास से रूबरू हों या फिर जंगल के बीच चिडियों की चहचहाट के बीच भोर हो। आपके परिवार का जो चाहे मत हो, हर विकल्प है आपके पास, तो फिर देर क्यों? जल्दी से कर लीजिए प्लान एक लॉन्ग वेकेशन का। कुछ फैमिली डेस्टिनेशंस तो हमेशा के लिए आपके मन में बस जाऐंगे।

## रोमांच पसंद आएगा बच्चों को

बच्चों को समंदर की मस्ती चाहिए, एडवेंचरस के साथ ही खेलने के ऑप्शन्स भी हों तो इसके लिए आप चुन सकते हैं...

### कोवलम बीच

उथले पानी और कम ऊंची लहरें उठने के कारण केरल का कोवलम बीच बच्चों के घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह है। यहां वे समुद्री हवाओं के बीच पानी में मौज-मस्ती कर सकते हैं।

### रानीखेत

अगर बच्चे एडवेंचर के शौकीन हैं तो उनके लिए उत्तराखंड में बसा खूबसूरत हिल स्टेशन रानीखेत है। कुमांऊ की पहाडियों के बीच पैराग्लाइडिंग का आनंद भी ले सकते हैं।

## ये वादियां और ये फिजाएं



अगर मन है खूबसूरत वादियों में गुम होने और ठंड का अहसास करने का, तो इनमें से किसी पहाड़ की सैर कर आइए।

### कलिमपोंग

पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण हिल स्टेशन है। दार्जिलिंग में बसा कलिमपोंग समुद्र से 1250 मीटर की ऊंचाई पर स्थित होने के कारण अपने सुहावने मौसम के लिए जाना जाता है। छुट्टियां एंजॉय करने के लिए यह बेस्ट है। दार्जिलिंग से कलिमपोंग के रास्ते में हरे-भरे जंगल और चाय के बागान हैं। लवर्स मीट पर रूककर तीस्ता और रंगीन नदियों का संगम देखा जा सकता है। साथ ही पहाड़ों और नदियों के रास्ते से होकर सिलीगुड़ी भी घूमा जा सकता है।

### औली

जिला चमोली में जोशीमठ के पास समुद्रतल से 9 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित औली गढ़वाल एक पर्यटन स्थल है। यहां से चारों ओर खूबसूरत पहाडियों व जंगल का नजारा लिया जा सकता है। यहां ठंड का आनंद भी मिलेगा।

### ऊटी

तमिलनाडु के ऊटी में चीड़ के पेड़ों पर बर्फ देखने को मिल सकती है। प्राकृतिक नजारों से घिरे ऊटी के सुंदर कॉटेज, बोटेनिकल गार्डन और फूलों के बाग आकर्षण के प्रमुख केंद्र हैं।

### कुर्ग

कर्नाटक में स्थित कुर्ग को भारत का स्कॉटलैंड भी कहा जाता है। यहां के खूबसूरत नजारों में मंडालपत्ती, तिब्बती मठ, कावेरी नदी, इरूपू फॉल, इगुथापा मंदिर, ओंकारेश्र्वर मंदिर, ब्रह्मागिरी पहाड़ी और नाल्कनद महल जैसी जगहें हैं। कुर्ग के कॉफी और मसालों की खेती प्रसिद्ध है।

## उत्तर-पूर्व भी है अनोखा

हमारे देश का नॉर्थ-ईस्ट भाग प्राकृतिक सुंदरता से तो भरपूर है। यहां के नजारे पूरे परिवार को लुभाऐंगे।

### दार्जिलिंग

पहाड़ों की रानी के नाम से मशहूर दार्जिलिंग एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यहां टॉय ट्रेन सुंदर वादियों की सैर कराती है। यहां की टाइगर हिल्स पर सनराइज देखा जा सकता है। साथ ही कंचनजंघा की ऊंची-ऊंची चोटियों को भी रंग बदलते देख सकते हैं। सेंचल झील एक वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी है जो यहीं स्थित है, वहां कई तरह के पक्षियों को देखने का लुत्फ उठा सकते हैं।

### शिलॉन्ग

इसे पूरब का स्कॉटलैण्ड भी कहा जाता है। शिलॉन्ग नॉर्थ-ईस्ट के लोगों के लिए घूमने की पसंदीदा जगहों में से एक है। लंबे-लंबे पाइन के पेड़, पाइनएप्पल की झाडियों के नजारे देश-विदेश से सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। समुद्र से 1,520 मीटर की ऊंचाई पर स्थित शिलॉन्ग में क्रिनोलिन फॉल्स और गुन्नर फॉल्स लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशंस हैं। हैप्पी वैली और स्वीट वाटरफॉल शिलॉन्ग के सबसे खूबसूरत वाटरफॉल हैं।

### सिक्किम

दिल्ली से बागडोगरा की सीधी फ्लाइट लेकर कैब से सिक्किम की राजधानी गंगटोक पहुंच सकते हैं। गंगटोक में बहुत सी मोनेस्ट्री, वाटर फॉल और झील आदि हैं जो आपको बहुत पसंद आऐंगे।

# पोलार्ड में अभी बहुत क्रिकेट बाकी है : इयन बिशप



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के हरफनमौला कायरन पोलार्ड भले ही अपने सबसे निराशाजनक आईपीएल अभियान के बीच में हैं लेकिन पूर्व वेस्टइंडीज तेज गेंदबाज और ईएसपीएनक्रिकइंफो एक्सपर्ट इयन बिशप के हिसाब से अब भी उनसे अच्छे खेल की उम्मीद की जा सकती है। 'टी20 टाइम आउट' कार्यक्रम में बिशप ने कहा, "पोलार्ड को अपने गेम का पुनर्निर्माण करना होगा। यह अति आवश्यक है क्योंकि वह इस गेम में अपना भविष्य देखते हैं। लोगों का मानना है कि वह बतौर खिलाड़ी खत्म हो चुके हैं लेकिन मैं वहां जाना भी नहीं चाहता। वह नए सिरे से शुरूआत कर सकते हैं।" आईपीएल 2022 में 11 मैचों के बाद पोलार्ड ने 14.40 के औसत और 107.46 के स्ट्राइक रेट से केवल 144 रन बनाए हैं। यह स्ट्राइक रेट उनके लिए किसी भी आईपीएल सीजन में सबसे कम है। इस टूनामेंट में 130 से कम का स्ट्राइक रेट उनके लिए केवल 2011 में था। पोलार्ड गुरुवार को 35 साल के होंगे। वह 2010 से ही मुंबई के टीम का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और उन्होंने मुंबई के पांच विजयी अभियान में भी बड़ा रोल अदा किया है। बिशप ने कहा, "उन्होंने अपने एक महान खिलाड़ी पर भरोसा जताया है और उनके प्रति वफा दिखाई है। हम सबको काफी कुछ याद रखना चाहिए, फिर चाहे वह मीडिया हो या समर्थकों में ही हो। जब भी मुंबई ने टाइटल जीता है तब पोलार्ड का योगदान रहा है। 2013 में 42 के औसत से 420 रन और 2019 और 2020 तक औसत को 30 के ऊपर रखना जब उनका स्ट्राइक रेट अक्सर 160 और 190 तक [2019 में 156.74 और अगले साल 191.42] हुआ करता था। बतौर एक फ्रैंचाइज आप ऐसी चीजें याद रखेंगे और उन्हें भरपूर मौका देंगे।" पोलार्ड के लिए पांच सबसे तेजी से रन बनाने सीजन में से चार (2013, 2015, 2019 और 2020) में मुंबई ने टाइटल जीता है। पिछले कुछ सालों से वह टीम के नेतृत्व समूह का हिस्सा भी रहे हैं। इस साल मुंबई ने 11 में केवल दो ही मैच जीते हैं और जाहिर है फैंस में भी नाराजगी है। इसके बावजूद पोलार्ड को विश्राम देकर बाकी खिलाड़ियों को मौका देने पर पूर्व न्यूजीलैंड कप्तान डैनियल वेटोरी भी असहमत हैं। वेटोरी ने कहा, "फ्रैंचाइज एक फैन की तरह भावनात्मक तरीके से नहीं सोच सकते। जैसा कि बिश [बिशप] ने कहा उन्हें पुरानी बातें याद रखनी होगी और साथ में भविष्य पर भी नजर रखनी होगी। क्या पोलार्ड उस भविष्य का हिस्सा हैं? मेरे हिसाब से तो वह जरूर भविष्य का हिस्सा हैं। पहले भी कुछ ऐसे सीजन रहे हैं जहां उनकी शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी की है। यह बहुत जरूरी है कि वह बचे हुए मैच भी अवश्य खेलें क्योंकि वह भविष्य में भी इस फ्रैंचाइज का हिस्सा रहेंगे।" इस साल पोलार्ड की सबसे बड़ी कमजोरी रही है स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ। उन्होंने स्पिन के सामने केवल 6.80 की औसत और 82.92 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और ऐसी स्थिति आ गई है कि उनके आते ही विपक्ष उनके विरुद्ध स्पिनर लगा देते हैं। खुद पोलार्ड को गेंदबाजी कर चुके वेटोरी का मानना है कि यह संघर्ष उनके खेल में गिरावट से नहीं बल्कि उनके मानसिक असहजता का फल है। वेटोरी ने कहा, "बतौर स्पिन बोलर वह एक खतरनाक बल्लेबाज हैं क्योंकि उनकी पहुंच काफी लंबी है और वह पहले या दूसरे गेंद से ही आप पर प्रहार शुरू कर सकते हैं। हम [इस सीजन] देख रहे हैं कि वह स्पिन को सुरक्षात्मक तरीके से खेल रहे हैं। जब आप उन्हें ओवरपिच कर देते हैं तो वह अपने रंग में आते हैं और आपको सीधा छक्के के लिए मार सकते हैं। फिलहाल उनकी गेम में एक तनाव साफ है और शायद यह टीम के पूरे प्रदर्शन का प्रतिबिंब है। ऐसा हो सकता है वह टीम की ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर लेना चाहते हैं और बीते सीजनों की तरह टीम को जीत तक ले जाना चाह तो रहे हैं लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा।" बिशप ने कहा, "बतौर गेंदबाज अगर आपको पता है कि एक बल्लेबाज असहज है तो आप और आत्मविश्वास के साथ अपने प्लान पर टिके रह सकते हैं।





# परवीन के बाद निकहत और मनीषा ने भी दर्ज की प्रभावशाली जीत

**नई दिल्ली।** तुर्की के इस्तांबुल में जारी आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में बुधवार का दिन भारत के लिए काफी अच्छा रहा। इस दिन भारत की दो मुक्केबाजों परवीन और निकहत जरीन ने प्रभावशाली जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा मनीषा (57 किग्रा) भी विजयी बनकर उभरीं। परवीन ने जहां शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ एकतरफा अंदाज में यूक्रेन की मारिया बोवा को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया वहीं तेलंगाना की निकहत ने 52 किग्रा भार वर्ग के शुरूआती दौर के मैच में मेक्सिको की हेरेरा अल्वारेज के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। इस साल फरवरी में स्ट्रैंड्जा टूनामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली 25 वर्षीय निकहत ने पहले राउंड में अपनी प्रतिभा के अनुरुप खेल दिखाया।

वह जितनी आक्रामक थीं, उतनी ही डिफेंसिव भी थी। विपक्षी खिलाड़ी के हर एक हमले से बचते हुए निकहत ने कुछ सटीक प्रहार किए और इस राउंड में सभी जजों को प्रभावित करते हुए पूरे अंक हासिल किए। दूसरे राउंड में भी निकहत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा और अपने मुक्कों के प्रहार से एक बार फिर सभी जजों को प्रभावित कर पूरे अंक बटोरे। तीसरे राउंड में भी निकहत ने शुरूआत से अंत तक कई शक्तिशाली मुक्के अपनी प्रतिद्वंद्वी पर बरसाए और विजेता बनकर उभरीं। रोहतक की मुक्केबाज परवीन 63 किग्रा भार वर्ग के शुरूआती दौर के मुकाबले में पूरी तरह से हावी रहीं और प्रभावशाली जीत दर्ज की। परवीन ने शुरूआत से आक्रमक रुख बनाए रखा था।

उन्होंने न केवल सटीकता से मुक्के बरसाए बल्कि अपने डिफेंस के बूते बोवा को हावी होने का मौका नहीं दिया। अपने अभियान की प्रभावशाली शुरूआत के बाद परवीन रविवार को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पूर्व यूथ ओलंपिक चैंपियन अमेरिका की जजैरा गोंजालेज से भिड़ेंगी। इसी तरह, पहले राउंड में बाई हासिल करने वाली मनीषा (57 किग्रा) ने नेपाल की काला थापा को 5-0 से हराकर भारत का विजयीक्रम जारी रखा। भारत की पांच मुक्केबाज अब तक जीत हासिल कर चुकी हैं। 2021 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली जैस्मीन, अनामिका और शिक्षा गुरुवार को अंतिम-32 दौर में अपने अभियान की शुरूआत करेंगी।

# डि ब्रूएन के चार गोल से मैनचेस्टर सिटी की बड़ी जीत



**लंदन।** केविन डि ब्रूएन के चार गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने वॉल्वरहैम्प्टन को 5-1 से करारी शिकस्त देकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता जीतने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाये। बेल्जियम के स्ट्राइकर डि ब्रूएन ने 24वें मिनट में ही अपनी हैट्रिक पूरी कर दी थी। इसके बाद उन्होंने 60वें मिनट में चौथा गोल किया। सिटी के लिये पांचवां गोल रहीम स्टर्लिंग ने 84वें मिनट में किया। इस जीत से सिटी ने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी लिवरपूल पर तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली है। उसे खिताब जीतने के लिये आखिरी दो मैचों में चार अंक चाहिए। लिवरपूल से उसका गोल अंतर सात है और ऐसे में तीन अंक हासिल करने पर भी वह खिताब जीत सकता है। अन्य मैचों में चेल्सी ने लीड्स को 3-0 से हराया जबकि एवर्टन और वाटफोर्ड का मैच गोलरहित बराबर छूटा।

# पंजाब पर जीत से प्लेऑफ के करीब पहुंचने का प्रयास करेगा आरसीबी



**मुंबई, एजेंसी।** सही समय पर लय हासिल करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम शुक्रवार को यहां अब तक उतार चढ़ाव वाला प्रदर्शन करने वाले पंजाब किंग्स पर जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में प्लेऑफ के करीब पहुंचने का प्रयास करेगी। आरसीबी ने पिछले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया जिससे लगता है कि उसने अपना उचित संयोजन तलाश कर लिया है। विराट कोहली को छोड़कर आरसीबी के सभी बल्लेबाज शानदार फॉर्म में हैं। रजत पाटीदार और महिपाल लोमरोर भी कप्तान फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक की तरह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

कोहली के लिये अभी तक आईपीएल सत्र अच्छा नहीं रहा है लेकिन वह पंजाब के खिलाफ इसकी भरपाई करने की कोशिश करेंगे। आरसीबी के गेंदबाज भी लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं जिसमें शानदार फॉर्म में चल रहे जोश हेजलवुड और विश्वसीन हर्षल पटेल शामिल हैं। मोहम्मद सिराज अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं लेकिन टीम उन पर महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर सकती है। मैक्सवेल अपनी ऑफ स्पिन से पावरप्ले और बीच के ओवरों में उपयोगी साबित हुए हैं जबकि वानिंदु हसरंगा ने अब तक 21 विकेट चटकाये हैं जिनमें एक मैच में पांच विकेट भी शामिल हैं। आरसीबी यदि पंजाब को हरा देता है तो उसके 16 अंक हो जाएंगे, हालांकि 18 अंक प्लेऑफ में पहुंचने के लिये सुरक्षित संख्या मानी जाती है।

जहां तक पंजाब का सवाल है तो उसे शीर्ष चार टीम में जगह बनाने के लिये अपने बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। उसने अपने पहले मैच में आरसीबी को हराया था लेकिन अभी उसके पांच जीत से 10 अंक हैं। उसने छह मैच गंवाये हैं। पंजाब की टीम में निरंतरता का अभाव है और यही कारण है कि वह लगातार दो मैच में जीत दर्ज नहीं कर पायी है। शीर्ष क्रम में शिखर धवन और भानुका राजपक्षे अच्छा योगदान दे रहे हैं जबकि लियाम लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा पारी का अच्छा अंत कर रहे हैं। पंजाब के लिये जॉनी बेयरस्टो की फॉर्म में वापसी अच्छी खबर है। कप्तान मयंक अग्रवाल ने मध्यक्रम में उतरने का फैसला किया है लेकिन उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है।

गेंदबाजी में कैगिसो रबाडा ने अब तक 18 विकेट लिये हैं लेकिन वह महंगे साबित हुए हैं। संदीप शर्मा पावरप्ले में विकेट लेने की क्षमता रखते हैं। अर्शदीप सिंह ने प्रभावशाली गेंदबाजी की है, विशेषकर डेथ ओवरों में जहां उन्होंने अपनी सटीक यार्कर से बल्लेबाजों को परेशान किया है। टीम में अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद पंजाब की टीम महत्वपूर्ण मौकों पर बिखर जाती है जिसमें उसे जल्द से जल्द सुधार करना होगा।

**टीम इस प्रकार हैं :**

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, वानिन्दु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, डेविड विली, रजत पाटीदार, सिद्धार्थ कौल।

**पंजाब किंग्स:** शिखर धवन, मयंक अग्रवाल (कप्तान), अर्शदीप सिंह, कैगिसो रबाडा, जॉनी बेयरस्टो, राहुल चाहर, हरप्रीत बराड़, शाहरुख खान, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, ईशान पोरेल, लियाम लिविंगस्टोन, ओडियन स्मिथ, संदीप शर्मा, राज अंगद बावा, ऋषि धवन, प्रेरक मांकड़, वैभव अरोड़ा, रितिक चटर्जी, बलतेज ढांडा, अंश पटेल, नाथन एलिस, अथर्व ताएदे, भानुका राजपक्षे, बेनी हॉवेल।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 से शुरू होगा।

## मुंबई ने पांच विकेट से हराया, आईपीएल इतिहास में पहली बार मुंबई व चेन्नई प्लेऑफ से बाहर

# चेन्नई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** शानदार गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजों के धैर्यपूर्ण प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस से हार के बाद चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2022 में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है।

आईपीएल इतिहास में यह पहली बार है जब मुंबई व चेन्नई की टीम प्लेऑफ से बाहर रहेंगी। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में मुंबई की टीम ने चेन्नई के 98 रन के लक्ष्य को 14.5 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। मुंबई की तरफ से तिलक वर्मा ने सर्वाधिक 34 रन बनाए और अंत तक नाबाद रहे। मुंबई की जीत के साथ-साथ चेन्नई की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। चार बार की चैंपियन चेन्नई इस हार के बाद अब प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। चेन्नई के 98 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। मुंबई ने पहले ही ओवर में ईशान किशन का विकेट गंवा दिया। उन्हें मुकेश चौधरी ने छह रन पर धोनी के हाथों कैच कराया। रोहित शर्मा ने कुछ तेज तर्रार शॉट खेले लेकिन वह भी जल्दी ही 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें चौथे ओवर में सिमरजीत सिंह ने आउट किया। इससे पहले कि मुंबई की टीम इस झटके से उबर पाती, मुकेश चौधरी ने अपने तीसरे ओवर में डेनिएल सैम्स और डेब्यूटेंट ट्रिस्टन स्टब्स को तीन गेंदों के अंदर आउट कर विपक्षी टीम की मुश्किलें बढ़ा दी।





## डीआरएस सुविधा के बगैर शुरू हुआ मैच

मैच हालांकि बिजली की समस्या की वजह से थोड़ी देरी से और डीआरएस की सुविधा के बगैर शुरू हुआ। लेकिन चेन्नई की शुरुआत बेहद खराब हुई। भले ही यह एक कम स्कोर वाला मैच था लेकिन रोमांच ऐसा जैसे किसी बड़े स्कोर वाले मैच में होता है। गेंद काफी स्विंग कर रही थी। पहली पारी के खत्म होने के बाद ऐसा लगा कि यह मैच भी जल्दी ही खत्म हो जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ और चेन्नई के तेज गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। मुंबई इंडियंस ने अपने गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल मुकाबले में गुरूवार को 16 ओवर में मात्र 97 रन पर ढेर कर दिया। मुम्बई की तरफ से डेनियल सैम्स ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किये जबकि रायली मेरेडिथ और कुमार कार्तिकेय को दो-दो विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह और रमनदीप सिंह के हिस्से में एक-एक विकेट आया। चेन्नई के लिए कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 33 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 36 रन बनाये। ड्वेन ब्रावो ने 12 और शिवम दुबे तथा अम्बाती रायुडू ने 10-10 रन का योगदान दिया। पहले ओवर में दो विकेट गिरने के बाद चेन्नई की टीम मुकाबले में नहीं लौट सकी। रोबिन उथप्पा दूसरे ओवर में तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे।धोनी और ब्रावो के बीच सातवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई। धोनी 16वें ओवर की आखिरी गेंद पर रन लेने के लिए दौड़ पड़े जबकि विकेटकीपर ईशान किशन ने सीधे थ्रो से मुकेश चौधरी को रन आउट कर दिया। डेनिएल सैम्स ने अपने पहले ही ओवर में चेन्नई को दोहरे झटके दिए। उन्होंने सबसे पहले दूसरी गेंद पर डेवोन कॉन्वे को एलबीडब्ल्यू आउट किया और इसके बाद चौथी गेंद पर मोईन अली को भी पवेलियन भेज दिया। दोनों ही खिलाड़ी अपना खाता नहीं खोल पाए।

## जन्मदिन के दिन एकादश से बाहर हुए पोलार्ड

मुम्बई। खराब दौर से गुजर रहे कीरोन पोलार्ड गुरुवार को अपने जन्मदिन के दिन मुम्बई इंडियंस की एकादश से बाहर हो गए। पोलार्ड को टीम से बाहर रखने के फैसले पर कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि यह काफी कठिन फैसला था। पोलार्ड का मुंबई इंडियंस के लिए योगदान अभूतपूर्व है। हम बाकी बचे मुकाबलों में अन्य खिलाड़ियों को मौका देना चाहते हैं, साथ ही हम आगे की तैयारी भी कर रहे हैं। कीरोन पोलार्ड की जगह ट्रिस्टन स्टब्स यह मैच खेल रहे हैं। आईपीएल 2022 में 11 मैचों के बाद पोलार्ड ने 14.40 के औसत और 107.46 के स्ट्राइक रेट से केवल 144 रन बनाए हैं। यह स्ट्राइक रेट उनके लिए किसी भी आईपीएल सीजन में सबसे कम है। इस टूर्नामेंट में 130 से कम का स्ट्राइक रेट उनके लिए केवल 2011 में था। पोलार्ड गुरुवार को 35 साल के हो गए। वह 2010 से ही मुंबई के टीम का अभिन्न हिस्सा रहे हैं और उन्होंने मुंबई के पांच विजयी अभियान में भी बड़ा रोल अदा किया है।

## पंजाब के लिए बेंगलुरु के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला आज

मुम्बई। आईपीएल इस समय ऐसे दौर में पहुंच चुका है जहां अब हर मुकाबला प्लेऑफ की रेस में टीमों की दावेदारी तय करता दिखाई देता है। शुक्रवार को पंजाब किंग्स का रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में होने वाला मुकाबला पंजाब के लिए करो या मरो का मैच होगा। 11 मैचों में पांच जीत और 10 अंकों के साथ आठवें स्थान पर मौजूद पंजाब के लिए इस मैच में सिर्फ जीत से ही बात बनेगी। हारने की सूरत में पंजाब होड़ से बाहर हो जाएगा। दूसरी तरफ बेंगलुरु के खाते में 12 मैचों में सात जीत के साथ 14 अंक हैं। इस मुकाबले में जीत बेंगलुरु के लिए प्लेऑफ के लिए उसकी दावेदारी को पुख्ता कर देगी।

## अनामिका का जीत के साथ आगाज

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज अनामिका (50 किग्रा) ने तुर्की के शहर इस्तांबुल में जारी आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में गुरुवार को जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। अनामिका ने अपने कौशल और तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए रोमानिया की यूजेनिया एंजेल को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया। बाउट की शुरुआत काफी आक्रामक हुई। दोनों मुक्केबाजों ने मुकाबला शुरू होने के साथ ही एक दूसरे पर लगातार हमला किया लेकिन अनामिका ने अपने तेज फुटवर्क और मूवमेंट को सटीक बनाए रखते हुए प्रभावशाली तरीके से स्पष्ट पंच लगाए और साथ ही साथ प्रतिद्वंद्वी के घूंसों से बचती भी रहीं।रोहतक की इस मुक्केबाज ने दूसरे राउंड में भी अपना आक्रमण जारी रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को पैर जमाने का मौका नहीं दिया। पूरे बाउट के दौरान अनामिका हावी रहीं और इस तरह वह आराम से 5-0 की जीत के साथ अगले दौर में पहुंच गई।अनामिका का अगला मुकाबला रविवार को विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की क्रिस्टी ली हैरिस से होगा।